53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 12.3°c अधिकतम 23.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:51, सूर्यास्त - 6:14 | वर्ष : 53/ अंक : 53 | रविवार, 23 फरवरी 2025 | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, दशमी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

सफलता की वह ऊंचाई
किसी अभिशाप से कम नहीं
जो इंसानियत और दयाभाव
खोकर प्राप्त की गई हो।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

अखिलेश यादव दिग्भ्रमित हैं, वह रजाई ओढ़कर एसी कमरों में रहते हैं : ब्रजेश पाठक



सर्दी में तो रजाई ओढ़ी ही जाती है.......

# कांवड़ यात्रा मार्गों पर 26 फरवरी तक ई-रिक्शाएं बंद

## नियमों का उल्लंघन करने पर होगी ई-रिक्शाएं सीज

**मुजफ्फरनगर, 22 फरवरी (बु.)।** महाशिवरात्रि के चलते मुजफ्फरनगर पुलिस अधीक्षक यातायात ने ट्रैफिक एडवाइजरी जारी करते हुए 23 फरवरी की सायं से 27 फरवरी तक दोपहर 12 बजे तक कांवड़ मार्ग पर ई-रिक्शाओं का संचालन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कर दिया है। आपको बता दें कि 26 फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व है, ऐसे में बड़ी संख्या में कांवड़ियां हरिद्वार से गंगाजल लेकर मुजफ्फरनगर से होते हुए अपने-अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे हैं। हालांकि इस कांवड़ यात्रा में सावन की कांवड़ यात्रा के मुकाबले कम भीड़ रहती है, मगर धीरे-धीरे अब महाशिवरात्रि की कांवड़ भी बड़ी संख्या में आनी शुरू हो गयी हैं। कांवड़ यात्रा में कोई अप्रिय घटना अथवा कांवड़ यात्रियों को किसी तरह की कोई परेशानी का सामना न करना पड़े, इस उद्देश्य से मुजफ्फरनगर प्रशासन चौकन्ना दिखाई दिया और यातायात पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की गयी। एडवाइजरी जारी करते हुए अधिकारियों ने अनुरोध किया कि आमजन ई-रिक्शाओं के प्रतिबंध के साथ-साथ अपने निजी चौपहिया वाहन विशेषकर ट्रैक्टर आदि भी इन मार्गों से न ले जाएं। किसी प्रकार का अतिक्रमण इन मार्गों पर बिल्कुल भी न होते दिखे। अतिक्रमण से कांवड़ लेकर आने वाले भक्तों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कांवड़ियों का संचालन सुगमता से बना रहे, इसलिए व्यापारी बंधुओं से भी अनुरोध है कि वे प्रशासन द्वारा की गयी अपील का पालन करें। यदि कोई ई- रिक्शा चालक इन नियमों का उल्लंघन करता पाया जाता है, तो तत्काल उक्त ई- रिक्शा को सीज किया जायेगा।

### इन मार्गों पर नहीं चलेंगी ई-रिक्शाएं

**मुजफ्फरनगर।** यातायात पुलिस अधीक्षक अतुल चौबे द्वारा जारी की गयी ट्रैफिक एडवाइजरी में इन मार्गों पर ई-रिक्शाओं का संचालन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है -

1- अस्पताल चौक से नावल्टी चौक से शिव चौक से मीनाक्षी चौक तक 2- शिव चौक से हनुमान चौक तक।
3- शिव चौक से झांसी रानी तक
4- झांसी की रानी से आलू मण्डी तक
5- झांसी की रानी से फायर ब्रिगेड वाली गली



## सड़कों पर उतरे डीएम, परखी कांवड़ मार्ग की व्यवस्था

- सड़कों पर अतिक्रमण होने पर लगाई अफसरों को फटकार
- समय रहते तैयारियां पूर्ण करने के दिए अधीनस्थों को निर्देश

**मुजफ्फरनगर, 22 फरवरी (बु.)।** आगामी 25 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियों के बीच शनिवार को अधिकारियों ने अब तक की तैयारियों की समीक्षा करते हुए धरातल पर उतर इससे जुड़ी समस्याओं को परखा। इस बीच नगर के शिवचौक पर पहुंचे डीएम-एसएसपी ने कांवड़ यात्रा के चलते शिव भक्तों की सुविधा से जुड़ी समस्याओं के निदान कराने के अधीनस्थों को निर्देश दिए। भगवान शिव का जलाभिषेक करने की तैयारियों के बीच में शहर से गुजरने वाले इन शिवभक्तों की सुविधा के लिए दुकानों के बाहर लगे सामान को हटाने के आलाधिकारियों ने पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिए।

शनिवार को कांवड़ यात्रा की शुरू तैयारियों को परखने के साथ महाशिवरात्रि पर शिवभक्तों की बढ़ती संख्या के बीच डीएम उमेश मिश्रा, डीआईजी एसएसपी अभिषेक सिंह ने अन्य पुलिस व प्रशासनिक अफसरों के काफिले के साथ कांवड़ मार्ग का निरीक्षण करने के लिए सड़कों पर उतरे। शिवचौक पहुंचकर डीएम उमेश मिश्रा ने यहां पर जलाभिषेक तथा अन्य सुरक्षा बंदोबस्तों का इस बीच जायजा लेते हुए कांवड़ मार्ग से अस्थाई



अतिक्रमण को अविलंब हटवाने और सड़कों के गड्ढे भरने, पेजलापूर्ति के साथ पथ प्रकाश की व्यवस्था दुरूस्त रखने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह, एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापति, एसपी ट्रैफिक अतुल कुमार चौबे, सीओ सिटी राजू कुमार साव, नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप, एसडीएम सदर निकिता शर्मा के साथ ही अन्य संबंधित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## पंचायत में सुलह की कोशिश बनी जंग, धारदार हथियारों से हमला, दो घायल

**शाहपुर, 22 फरवरी (बु.)।** थाना क्षेत्र के गाँव पलड़ी में दहेज विवाद को सुलझाने के लिए बुलाई गई पंचायत में अचानक विवाद बढ़ गया। आपसी बहस इतनी बढ़ी कि मामला खूनी संघर्ष में बदल गया। लोहे के धारदार हथियारों से किए गए हमले में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना का सीसीटीवी वीडियो सामने आया है, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। गांव के रहने वाले परवेज ने अपने चाचा इस्लाम और भाई सरताज मलिक से शिकायत की थी कि उसके पिता इनाम दहेज की मांग को लेकर उसकी पत्नी को परेशान कर रहे हैं। परवेज का कहना था कि उसकी पत्नी काफी समय से मायके में है और वह उसे घर लाना चाहता है, लेकिन उसके पिता इसके लिए राजी नहीं हैं। परवेज ने अपने चाचा और अन्य परिजनों से गुहार लगाई कि वे उसके पिता को समझाएं। इस्लाम, सरताज मलिक और परिवार के कुछ अन्य लोग परवेज के घर पहुंचे और इनाम से बातचीत करने लगे। इसी दौरान बहस बढ़ गई और इनाम ने गुस्से में अपने बेटे परवेज के साथ मारपीट कर दी। हालांकि, परिवार के लोगों ने किसी तरह मामला शांत करा दिया, लेकिन दो दिन बाद जब इस मामले को लेकर पंचायत बुलाई गई, तो फिर से विवाद भड़क उठा। मामले को सुलझाने के लिए गांव में पंचायत बुलाई गई, जिसमें तीन ग्राम प्रधानों समेत कई ग्रामीण मौजूद थे। पंचायत में जब इस्लाम और सरताज मलिक ने परवेज और उसकी पत्नी के पक्ष में बात रखी, तो विरोधी पक्ष को यह पसंद नहीं आया। इसी दौरान इमरान पुत्र कय्यूम, इनाम पुत्र मकसूद, फुरकान पुत्र कय्यूम और इमरान पुत्र नूरहसन गुस्से में आ गए और कहासुनी होने लगी। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि इमरान और फुरकान ने धारदार हथियार निकालकर इस्लाम पर हमला कर दिया। इस्लाम के सिर पर गहरी चोट लगी और वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा, जब सरताज मलिक और ताहिर बीच-बचाव करने आए, तो उन पर भी हमला कर दिया गया, जिससे सरताज के हाथ में गंभीर चोट आ गई। घटना के बाद पंचायत में हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद ग्राम प्रधान ने तुरंत शाहपुर थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल इस्लाम और सरताज मलिक को शाहपुर अस्पताल पहुंचाया, लेकिन हालत नाजुक होने के कारण उन्हें मुजफ्फरनगर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।





पीड़ित पक्ष ने थाना शाहपुर में आरोपियों के

शेष - पृष्ठ-4 पर

### बच्चे को लेकर आत्महत्या करने के इरादे से पहुंची महिला को पुलिस ने बचाया

**मुजफ्फरनगर, 22 फरवरी (बु.)।** शनिवार की दोपहर रेशू फाटक के निकट एक महिला काफी देर से अपने बच्चे को साथ लेकर रेलवे ट्रैक पर घूम रही थी। कुछ लोगों ने जब महिला को बहुत देर तक वहीं घूमते हुए देखा तो उन्हें शक हुआ कि कहीं महिला ट्रेन के आगे न कूद जाए, इसकी सूचना तुरन्त पुलिस को दी गयी, जिस पर थाना सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को रेलवे ट्रैक से हटाकर पूछताछ की तो वास्तव में यह बात सच निकली कि महिला बच्चे सहित अपनी जान देने आई थी, क्योंकि उसका पति शराबी है और उसे पैसा न देने के साथ साथ परेशान करता है। महिला ने खुद की अलमासपुर की रहने वाली बताया। पुलिस ने महिला को साथ ले जाकर थाने पर परिजनों को बुलाया और सख्त लहजे में परिजनों को चेतावनी देते हुए महिला को जिम्मेदारी से रखने की बात कहकर उसे वापस घर भेज दिया।

### महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**मुजफ्फरनगर, 22 फरवरी (बु.)।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के मौहल्ला हाजीपुरा में महिला अफसाना की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप। महमूदनगर की रहने वाली अफसाना की शादी 14 साल पहले मौहल्ला हाजीपुरा में हुई थी। शुक्रवार की रात महिला की तबीयत बिगड़ने से उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने महिला अफसाना को मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की सूचना महमूदनगर निवासी उसके भाई अलताफ को दी गयी तो अलताफ बहन के पास पहुंचा और बहन के ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने परिजनों से जानकारी लेने के बाद शव को मोर्चरी भेज दिया। पुलिस के अनुसार परिजनों ने अभी कोई तहरीर नहीं दी है, जिसके चलते अभी कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया गया।

### महाकुंभ का असर : मुजफ्फरनगर स्टेशन पर कई ट्रेनें पहुंची देरी से

**मुजफ्फरनगर, 22 फरवरी (बु.)।** चल रहे महाकुम्भ में ट्रेनों की संख्या बढ़ाई गयी थी। ट्रेनों में अधिक भीड़ के चलते विभिन्न स्टेशनों पर गाड़ियों को काफी देर तक रोके जाने के चलते लगातार ट्रेन देरी से पहुंच रही हैं। शनिवार को भी प्रयागराज से चलकर सहारनपुर जाने वाली नौचंदी एक्सप्रेस 1 घंटा, ऋषिकेश से कलिंगा जाने वाली उत्कल कलिंगा एक्सप्रेस 3 घंटे, पुरी से ऋषिकेश जाने वाली ऋषिकेश एक्सप्रेस 5 घंटे तथा देहरादून जाने वाली ओखा एक्सप्रेस 40 मिनट तथा प्रयागराज से अमृतसर जाने वाली कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन 1.15 घंटा की देरी से मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन पर पहुंची। ऐसे में यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई-कई घंटे यात्री रेलवे स्टेशन पर ही बैठे अपनी अपनी गाड़ियों का इंतजार करते रहे, जिस कारण रेलवे स्टेशन पर भारी भीड़ दिखाई दी।

### पुलिस मुठभेड़ में शातिर लुटेरा गिरफ्तार, एक भागने में कामयाब

**मुजफ्फरनगर, 22 फरवरी (बु.)।** थाना खालापार पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया है, जबकि उसका साथी मौके से भागने में सफल हो गया। पुलिस ने घायल लुटेरे से लूटा गया मोबाइल, तमंचा व एक बाइक बरामद की है। खालापार थाना प्रभारी महावीर सिंह चौहान ने बताया कि 12 फरवरी को क्षेत्र में बाइक सवार बदमाशों ने एक युवक से मोबाइल लूटा था, तभी से पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी हुई थी। देर रात पुलिस को सूचना मिली कि वारदात को अंजाम देने वाले बदमाश काली नदी पुल के पास खड़े हैं। पुलिस टीम ने उनकी घेराबंदी शुरू की। पुलिस को देखकर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश समीर उर्फ ओसामा निवासी दर्जी वाली गली खालापार घायल हो गया, जबकि उसका साथी मौके से फरार होने में सफल रहा। पुलिस ने घायल बदमाश से लूटा गया मोबाइल, वारदात में प्रयुक्त बाइक व एक तमंचा बरामद किया है। घायल बदमाश पर पहले से विभिन्न थानों में दस आपराधिक मामले दर्ज हैं। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया गया है। उसके साथी की तलाश की जा रही है।

### जानसठ में प्रधानपति की कार पर किया पथराव, फायरिंग

**जानसठ, 22 फरवरी (बु.)।** सरकारी भूमि को कब्जाने को लेकर चल रही रंजिश में प्रधान के पति की कार रोककर पथराव कर दिया। आरोप है कि एक युवक ने जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायरिंग भी की, लेकिन प्रधान के पति बाल-बाल बच गए। पुलिस ने हमला करने वाले एक युवक को हिरासत में लिया है। ग्राम तिसंग की प्रधान पिंकी सैनी के पति रोशनलाल सैनी पुत्र कलीराम ने पुलिस को तहरीर दी। उसने तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनके नया गांव फैजाबाद के रहने वाले राजेंद्र पक्ष ने गांव में सरकरी भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा है। प्रकरण में विवाद चला आ रहा है। शनिवार की दोपहर प्रधान पति रोशनलाल सैनी अपने घर से कार द्वारा जानसठ ब्लॉक में जा रहे थे। रास्ते में आरोपित पक्ष ने कार को रोक लिया और गाली-गलौच करते हुए उस पर पथराव कर दिया। पथराव में प्रधान के पति घायल हो गए और कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। इसके बाद प्रधान पति मीरापुर दलपत चौकी पर पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने एक युवक को हिरासत में ले लिया, जबकि अन्य लोग फरार हो गए। प्रधान पति ने पुलिस को हमले की तहरीर दी है।

### मुस्लिम कैदी ने बनाई भगवान राम और सीता की वन गमन की 20 फीट लंबी पेंटिंग

**चित्रकूट, 22 फरवरी (एजेंसी)।** जिला जेल में बंद मुस्लिम कैदी समीर उर्फ साहिल ने महाकुंभ से प्रेरित होकर भगवान श्रीराम के वन गमन की 20 फीट लंबी पेंटिंग बनाई है। इसमें उसने मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम, माता जानकी, भाई लक्ष्मण और भक्त हनुमान जी का राम वन गमन का चित्रण किया है। जेलर संतोष कुमार वर्मा ने बताया कि मानिकपुर क्षेत्र का सजायाफ्ता कैदी समीर उर्फ साहिल को 20 फरवरी 2025 को तीन साल की सजा व पांच हजार का अर्थदंड का जुमार्ना लगाया गया है। वह तीन साल की सजा काट चुका था, लेकिन जुमार्ने की रकम अदा करने के लिए उसके पास पैसे नहीं थे। जुमार्ना की रकम न अदा कर पाने पर वह दो महीने कैद की और सजा काट रहा है।









## आज का इतिहास

**नई दिल्ली, 22 फरवरी (वार्ता)।** भारतीय एवं विश्व इतिहास में 23 फरवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार है। 1881-भारत के सुप्रसिद्ध राष्ट्रभक्त एवं क्रांतिकारी सरदार अजीत सिंह का जन्म। 1886-अमेरिका के रसायनशास्त्री और आविष्कारक मार्टिन हेल ने अलम्यूनियम की खोज की। 1913-भारत के प्रसिद्ध जादूगर पी. सी. सरकार का जन्म। 1940-रूसी सेनाओं ने यूनान के समीप स्थित लासी द्वीप पर कब्जा किया। 1952-कर्मचारी भविष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम पारित किया गया। 1954-भारत के प्रसिद्ध संत और संत निरंकारी मिशन के आध्यात्मिक गुरु बाबा हरदेव सिंह का जन्म। 1969-भारतीय फि ल्म अभिनेत्री मधुबाला का निधन। 1970-गयाना देश गणराज्य बना और आज के दिन को इस देश का राष्ट्रीय दिवस घोषित किया गया। 1990-साहित्य जगत में उपन्यासकार के रूप में सर्वाधिक ख्याति प्राप्त करने वाले अमृतलाल नागर का निधन। 1998-जैविक एवं रासायनिक हथियारों की जांच को लेकर हुए गतिरोध को समाप्त करने के लिए सं.रा. महासचिव कोफी अन्नान व इराकी उपप्रधानमंत्री तारिक अजीज के बीच ऐतिहासिक समझौता सम्पन्न, विश्व में पहली बार बछड़े की प्रतिकृति क्लोन अमेरिका में तैयार। 2001-अमेरिकी सीनेट द्वारा सीटीबीटी खारिज, प्रक्षेपास्त्र रक्षा प्रणाली जारी रखने की घोषणा। 2003-कनाडा के डेविसन ने विश्वकप का सबसे तेज शतक लगाकर 1983 में बनाये गये कपिलदेव का रिकार्ड तोड़ा। 2005-अफगानिस्तान के राष्ट्रपति हामिद करजई तीन दिवसीय यात्रा पर भारत पहुँचे। 2006-ईराक में जातीय हिंसा में 159 लोग मारे गये। 2007-पाकिस्तान ने शाहीन-2 का परीक्षण किया। 2008-10 साल बाद चुनार सीमेण्ट फैक्ट्री में उत्पादन शुरू हुआ। रक्षामंत्री ए.के. एंटनी ने जेट ट्रेनर हॉक विमान को देश के बेड़े में शामिल करने की औपचारिक घोषणा की। 2009-भारतीय तीरंदाज थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में एशियाई ग्रां प्री तीरंदाजी चैम्पियनशिप में टीम स्पर्धा में तीन रजत पदक जीते। 2010-वन डे में पहला दोहरा शतक बनाने वाले सचिन की बदौलत भारत ने दक्षिण अफ्रीका से ग्वालियर स्टेडियम में खेला वनडे मैच 153 रनों से जीत लिया।

## मुजफ्फरनगर मंडी

**मुजफ्फरनगर, 22 फरवरी, (बु.)।** गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः- ढैया 1340, रसकट ढैया 1250-1265, चाकू 1360-1511, लड्डू 1380-1430, खुरपापाड़ 1315-1335, शक्कर मसाला 1460-1475। आमद- 6000 मन।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 22 फरवरी, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 88600 | चांदी- | 97300 |
| सिक्का- | 10500 | गिन्नी- | 66120 |

## आपका आज का राशिफल

रविवार, 23 फरवरी, 2025

**मेष-** मनोवांछित सफलता का सुअवसर प्राप्त, व्यापारिक उन्नति, स्वाध्याय में रुचि, पुरातन विवाद का समापन, भौतिक सुख-सुविधा में वृद्धि, दाम्पत्य जीवन सुखी।

**वृषभ-** स्वास्थ्य में प्रतिकूलता, कार्यों में निराशा, आर्थिक प्रगति में व्यवधान, पारस्परिक सम्बन्धों में तनाव, शंका-कुशंका से मतभेद, व्यक्ति विशेष से हानि संभव।

**मिथुन-** भाग्योन्नति के नवीन आयाम सुलभ, राजनैतिक क्रियाकलापों में संलग्नता, जीवन साथी से मधुरता, नवसम्पर्क लाभदायी, संभावित यात्रा का सुपरिणाम।

**कर्क-** कार्य व्यवसाय अर्थ पक्ष में उन्नति का सुयोग, कुछेक समस्याओं का समापन, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, पारस्परिक सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, सुख-शांति।

**सिंह-** दिनचर्या व्यवस्थित, परिवार में धार्मिक आयोजन सम्पादित, निजी इच्छा की पूर्ति, दाम्पत्य जीवन में सुखशांति का वातावरण, यात्रा का सुपरिणाम प्राप्त।

**कन्या-** लाभार्जन का मार्ग अवरुद्ध, राजकीय पक्ष से असहयोग, परिवार में आपसी मतभेद, एकाग्रता का अभाव, यात्रा में परेशानी, दैनिक कार्यों के प्रति उदासीनता।

**तुला-** कठिनाइयों का निराकरण, व्यक्तिगत जीवन में महत्वपूर्ण उपलब्धि, आत्मीयजनों से मधुरता, सुख के साधन निमित्त व्यय, किसी के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति।

**वृश्चिक-** आर्थिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त, व्यापार में धन निवेश, धनलाभ का सुयोग, इच्छित कार्यों की पूर्ति, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, पठन-पाठन में रुचि।

**धनु-** समस्या के समाधान का मार्ग प्रशस्त, कार्य व्यवसाय अर्थ पक्ष में सफलता का सुअवसर प्राप्त, मित्रों-परिजनों से सहयोग, लाभ भी, आहार विहार में नवीनता।

**मकर-** समय असंतोषजनक, स्वास्थ्य में प्रतिकूलता, सहयोगियों की गतिविधियों में मानसिक कष्ट, परिवार में अनावश्यक खर्च, पारस्परिक सम्बन्धों में कटुता।

**कुम्भ-** परोपकार की भावना जागृत, आत्मसंयम से कार्य सिद्धि, निराशा का समापन, अध्यावसाय की ओर रुझान, पारस्परिक सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, यात्रा ।

**मीन-** धार्मिक क्रियाकलापों में अभिरुचि, इच्छित योजना का सुपरिणाम प्राप्त, परिवार में सुख शांति का मार्ग प्रशस्त, विवाद का निर्णय पक्ष में, उपहार का लाभ।

**विमल जैन,** हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाउन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

## चेयरपर्सन मीनाक्षी ने वार्ड 48 में नये नलकूल की दी सौगात



**मुजफ्फरनगर, 22 फरवरी (बु.)।** पालिका परिषद् के वार्ड 48 के लद्दावाला व शाहबुद्दीनपुर रोड आदि क्षेत्र में कई वर्षों से जलापूर्ति को लेकर समस्या बनी हुई थी। शनिवार में यहां पर एक नया नलकूप स्थापित करने के इस कार्य का श्रीगणेश हो गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप का वार्ड सभासद शौकत अंसारी के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने बुके देकर स्वागत किया। यहां फीता काटकर चेयरपर्सन ने नये नलकूप की स्थापना के लिए बोरिंग कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि इस साल गर्मी के मौसम में नगर क्षेत्र की जलापूर्ति को बेहतर करने का हम प्रयास कर रहे हैं। कई नये नलकूप स्थापित कराने के साथ नई पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया जाना प्रस्तावित है, इन कार्यों का शुभारंभ किया गया। यहां पर कुछ क्षेत्र में पानी का प्रेशर कम होने से घरों में आपूर्ति न होने से कुछ समय से परेशानी की शिकायत मिल रही थी। पूर्व में यहां नये नलकूप की स्थापना का निर्णय लिया और इस कार्य को हम कराने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 10 एचपी क्षमता के नलकूप की स्थापना में 15वें वित्त आयोग से करीब 25 लाख रुपये खर्च होंगे। इस दौरान सभासद शौकत अंसारी ने चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप की कार्यप्रणाली और सभी को साथ लेकर चलने की नीति की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह नगर का सौभाग्य है कि मीनाक्षी स्वरूप जैसी चेयरपर्सन मिली है। कई वर्ष से क्षेत्र में जलापूर्ति बाधित होने से परेशानी बनी थी। इस दौरान मुख्य रूप से नगरपालिका के एई जलकल सुनील कुमार, जेई जलकल धर्मवीर सिंह, विवेक गर्ग के अलावा शफीक थानवी, मेहर इलाही, इमरान, शाह नवाज, इरफान अब्बासी, नाजिम सलमानी, नफीस मास्टर, तरन्नुम अहमद, तनवीर अंसारी, सरसार खान, बंदा धोबी, नौशाद अंसारी, सनव्वर अंसारी, डॉ. अल्ताफ आदि मौजूद रहे।

## घटिया सामग्री का आरोप लगा रुकवाया निर्माण कार्य

**चरथावल, 22 फरवरी (बु.)।** क्षेत्र के ग्राम निर्धना मार्ग पर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा कराए जा रहे सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का आरोप लगाते हुए किसान नेता व त्यागी भूमिहार महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष काला प्रधान के नेतृत्व में समाजसेवी उस्मान, एजाज आदि ग्रामवासियों ने निर्माण कार्य को रुकवा दिया। दरअसल मुजफ्फरनगर जनपद के थाना चरथावल क्षेत्र में निर्धना मार्ग पर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है। शनिवार को किसान नेता व त्यागी भूमिहार महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष काला प्रधान के नेतृत्व में समाजसेवी उस्मान, एजाज आदि ग्रामवासियों ने निर्माण कार्य को हंगामा करते हुए रुकवा दिया। ग्रामवासियों का कहना है कि सड़क निर्माण में पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग किया जा जा रहा है, जिस कारण सड़क टूट जाएगी।

## भाकियू नेता सहित कई किसानों के नलकूपों पर हुई चोरी, राकेश टिकैत ने किया ट्वीट

**चरथावल, 22 फरवरी (बु.)।** क्षेत्र के ग्राम महाबलीपुर में ब्लॉक अध्यक्ष संजय त्यागी सहित कई किसानों की नलकूपों पर हुई चोरी की घटना को लेकर भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के डीजीपी-सीएम को ट्वीट के बाद पुलिस अधिकारियों ने जंगलों में पहुंचकर छानबीन की। वहीं डॉग स्क्वॉयड व अन्य टीमों की मदद से पुलिस ने छानबीन की। दरअसल मुजफ्फरनगर के चरथावल थाना क्षेत्र के ग्राम महाबलीपुर के जंगल में भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष संजय त्यागी व कई किसानों के नलकूपों पर चोरी की घटना को चोरों ने अंजाम दिया। वहीं लगातार किसानों के नलकूपों पर हो रही चोरी से किसानों का काफी नुकसान हो रहा है, जिसको लेकर लगातार किसानों के द्वारा पुलिस को भी अवगत कराया गया, लेकिन कोई कार्रवाई न होने के बाद उन्हें निराशा ही हाथ लगती है। उसी को लेकर भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत के द्वारा शनिवार को उत्तर प्रदेश के डीजीपी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ट्वीट किया, जिसको लेकर चरथावल थाना क्षेत्र के थाना प्रभारी आईपीएस राजेश धनावत सहित आला अधिकारियों में हड़कंप मच गया। पुलिस अधिकारियों ने जंगल में डेरा डालकर फॉरेंसिक टीम एवं डॉग स्क्वायड के द्वारा पूरे मामले की छानबीन शुरू कर दी, जहां पर थाना प्रभारी आईपीएस राजेश घनावत ने कहा कि जल्द ही चोरी की घटनाओं का खुलासा कर दिया जाएगा और चोरी करने वाले चोरों को सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा।

## जीएसटी विभाग के अफसरों को डीएम ने दिए राजस्व को और बढ़ाने के निर्देश

### व्यापारियों से जुड़ी योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर दिया जोर

**मुजफ्फरनगर, 22 फरवरी (बु.)।** शनिवार को डीएम उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जीएसटी से जुड़े जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार, सांत्वना गौतम, संयुक्त आयुक्त कार्यपालक, सिद्धेश चन्द दीक्षित संयुक्त आयुक्त (वि.अनु. शा.) के अलावा राज्य कर विभाग के सभी उपायुक्त व सहायक आयुक्त अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। यूपी में राजस्व दृष्टि से सर्वाधिक महत्वपूर्ण जीएसटी विभाग के अधिकारियों को डीएम ने राजस्व संग्रह में वृद्धि के लिए सघन एवं प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। वहीं पंजीयन बेस बढ़ाने में प्रशासन से उन्हें अपेक्षित सहयोग प्रदान किये जाने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही विभागीय अफसरों को विभाग की विभिन्न योजनाओं, यथा व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना, स्टीकर, एमनेस्टी आदि से मिलने वाले लाभों से भी व्यापारियों को अवगत कराने के निर्देश दिए गए।

डीएम उमेश मिश्रा ने जिला पंचायत सभागार में संपन्न बैठक में राज्य कर विभाग अधिकारियों को विभागीय कार्य में किसी भी प्रकार की होने वाली समस्या को दूर करने का आश्वासन दिया। साथ ही आम जन नागरिकों द्वारा खरीदे गए माल का पक्का बिल लेने तथा संबंधित व्यापारियों को पक्का बिल जारी करने के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए। व्यापारी द्वारा बिल न दिए जाने पर व्हाटसअप 7235001729 पर प्राप्त होने वाली शिकायत पर राज्य कर विभाग द्वारा आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए। जनपद में अधिकाधिक व्यापारियों को जीएसटी प्रणाली में पंजीकृत कराने में मुख्यमंत्री के विजन के अनुसार कैम्पों, सेमीनारों, मेगा सेमीनारों, हॉर्डिंग, प्रिंट मीडिया व पोस्टर आदि के माध्यम से अपंजीकृत व्यापारियों को, पंजीयन के लाभ के संबंध में जागरूक कराने के निर्देश दिए।

## पत्नी को वापिस दिलाने को लेकर पुलिस से लगाई गुहार

**भोपा, 22 फरवरी (बु.)।** भोपा थाना क्षेत्र के गांव करहेड़ा निवासी सोनू ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि लगभग सात महीने पहले उसकी मुलाकात मोरना निवासी युवक से हुई, जिसने उसकी शादी करवाने की बात कही तो वह तैयार हो गया। गत् 12 दिसम्बर को आरोपी व उसका भाई, उसकी पत्नी व माता अपने साथी टेलर मास्टर जो इनके मकान के पास ही रहता है, सभी ने मिलकर पीड़ित की अपने मकान पर शादी सोनिया नामक महिला से करवा दी, जिसके बदले उन्होंने पीड़ित से एक लाख रुपए की मांग की। जिस पर पीड़ित ने उन्हें 90000 रुपए दे दिये। शादी के बाद मात्र एक सप्ताह ही सोनिया उसके घर पर रही। इसी बीच सोनिया ने पीड़ित के अश्लील फोटो अपने मोबाइल में खींच लिये, जिसके बाद सोनिया आरोपियों के घर चली गयी थी तथा अभी भी वहीं रह रही है। पीड़ित कई बार अपनी पत्नी सोनिया को लेने के लिए आरोपी के घर जा चुका है, लेकिन आरोपी उसकी पत्नी को नहीं भेज रहे हैं तथा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहे हैं तथा उसके अश्लील फोटो दिखाकर उससे दो लाख रुपए की मांग कर रहे हैं। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर अपनी पत्नी को वापिस लाने व आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## महाराष्ट्र में अवैध धार्मिक ढांचे के निर्माण को लेकर बवाल, लगाना पड़ा कर्फ्यू

**नासिक, 22 फरवरी (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के नासिक जिले में शनिवार को द्वारका के काठे गली इलाके में उस वक्त कर्फ्यू लगा दिया गया। जब कथित तौर पर अवैध धार्मिक ढांचे के निर्माण को विवाद बढ़ गया। वहीं विवादित ढांचे को हटाने के लिए पहुंची अतिक्रमण टीम का विरोध किया गया। इसके बाद पुलिस ने इलाके में कर्फ्यू लगा दिया। काठे गली से नागजी चौक की ओर जाने वाली सड़क पर एक अवैध धार्मिक स्थल के निर्माण को लेकर विरोध शुरू हुआ। धार्मिक स्थल पर अतिक्रमण हटाने के लेकर हिंदुत्व संगठन आक्रामक हो गए। इसे लेकर संगठनों ने विरोध-प्रदर्शन की चेतावनी दी थी। वहीं हिंदूवादी संगठनों ने अवैध धार्मिक ढांचे को हटाए जाने तक अपना आंदोलन जारी रखने की कसम भी खाई है। वहीं इस मामले में पुलिस ने कुछ साधु-संतों को गिरफ्तार करना भी शुरू कर दिया है। जिसके बाद से मौके पर स्थिति और खराब हो गई और पुलिस-प्रशासन को एहतियातन कर्फ्यू लगाना पड़ा।

## आरजी पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय मेडिकल कैंप का शुभारम्भ

**भोपा, 22 फरवरी (बु.)।** आरजी पब्लिक स्कूल बेहडा सादात में दो दिवसीय मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप का शुभारंभ किया गया। कैंप में मुख्य अतिथि डॉ. कीर्ति राणा व उनकी टीम ने विद्यालय के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया, जिसमें बच्चों को स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी गई। कैम्प के पहले दिन 154 बच्चों का हेल्थ चैकअप किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक रमेशचंद व प्रमोद सरोहा, प्रधानाचार्या बबीता कौशिक ने बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी।

## थाना समाधान दिवस पर सुनी फरियादियों की समस्याएं

**चरथावल, 22 फरवरी (बु.)।** मुजफ्फरनगर जनपद के चरथावल थाना प्रांगण में थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना प्रभारी आईपीएस राजेश घुनावत एवं इंस्पेक्टर जसवीर सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनते हुए निस्तारण हेतु अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। दरअसल मुजफ्फरनगर जनपद के थाना चरथावल प्रांगण में माह के चौथे शनिवार के अवसर पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना समाधान दिवस में सभी प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में चरथावल थानाप्रभारी आईपीएस राजेश घुनावत एवं इंस्पेक्टर जसवीर सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनते हुए निस्तारण हेतु अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समाधान दिवस में आने वाली कई समस्याओं के निस्तारण हेतु मौके पर ही टीमों को भेज कर निस्तारण कराया गया।

## ईओ आलोक रंजन ने हटवाया अतिक्रमण तो मचा हड़कम्प

**बुढ़ाना, 22 फरवरी (बु.)।** शनिवार को नगर पंचायत बुढ़ाना में डीएम के निर्देशानुसार आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए नगर के मुख्य मार्गों एवं मेन बाजार से अतिक्रमण हटवाया गया। नगर पंचायत बुढ़ाना में जिलाधिकारी के निर्देशानुसार अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन व नायब तहसीलदार अमन कुमार के निर्देशन में नगर पंचायत द्वारा पुलिसबल की सहायता से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नगर के मुख्य मार्गों व मेन बाजार से अवैध अतिक्रमण हटवाया गया। ठेली, रेहड़ी वालों को अपना वाहन सड़क पर न खड़ा करने व दुकानदारों को अपना सामान दुकान के बाहर न रखने के निर्देश दिये गये साथ ही सभी व्यापारियों से सिंगल यूज प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े के थैले का उपयोग करने के लिये प्रोत्साहित किया गया। अभियान में अतिक्रमण करने वालों से जुर्माना भी वसूल किया गया और चेतावनी दी गई कि यदि भविष्य में वे सब अतिक्रमण करते पाये गये, तो उनके विरुद्ध जुर्माने की कार्यवाही की जायेगी। अभियान के दौरान मुख्य रूप से वरिष्ठ लिपिक सतीश कुमार, सुमित शर्मा, शाहआलम और सुधीर कुमार सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अभियान से अतिक्रमण करने वाले सभी दुकानदारों में हड़कम्प मचा रहा।

## एमआरएफ सेंटर पर कूड़ा नहीं पहुंचाने पर कंपनी को नोटिस

### ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने जताई कंपनी के प्रति नाराजगी, वार्ड से सीधे कूड़ा सेंटर पहुंचाने के दिए गए निर्देश

**मुजफ्फरनगर, 22 फरवरी (बु.)।** कूड़े से पालिका की आय बढ़ाने के फार्मूले को धरातल पर लाने के लिए चेयरपर्सन के साथ ईओ पूरी तरह संवेदनशील बनी हुई है। इसके लिए एमआरएफ सेंटर एनजीओ की मदद से शून्य खर्च अनुबंध पर पालिका प्रशासन ने चलवाना भी शुरू कर दिया। एनजीओ इसके लिए मासिक रूप से पालिका को भुगतान भी करेगी। इसमें एमआरएफ सेंटर पर गीला और सूखा कूड़ा पहुंचाने के पालिका ने एमआईटूसी कंपनी को निर्देश दिये थे, लेकिन निर्देशों का पालन न होने पर ईओ ने सख्ती बरतते हुए कंपनी को नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा और वार्डों से सीधा कूड़ा एमआरएफ सेंटर पर पहुंचाने के निर्देश दिए हैं।

नगरपालिका परिषद् की पहल पर रुड़की रोड वार्ड 15 में एकता विहार में अपना एक एमआरएफ सेंटर एनजीओ के सहारे अनुबंध के आधार पर शुरू कर दिया है। यहां पर कूड़े का निष्पादन और प्रसंस्करण के लिए छह मशीनों को लगाया है। यहां करीब दस वार्डों से कूड़ा पहुंचाया जाना है। इसमें डोर टू डोर कूड़े को एमआईटूसी कंपनी को निर्देश दिये गये थे कि वो वार्डों से ही गीला और सूखा अलग-अलग एकत्र करते हुए सेंटर पर पहुंचायेंगे, लेकिन इन निर्देशों का पालन नहीं किया गया, वहीं एनजीओ ने कई दिन बीत जाने पर भी तय मात्रा में कूड़ा सेंटर में नहीं पहुंचने की शिकायत ईओ से की थी। ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने इसे लेकर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कंपनी प्रबंधक को नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा और उन्हें तत्काल ही वार्डों से डोर टू डोर कूड़ा वाहनों से सीधे सेंटर पर पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने नोटिस में साफ कहा है कि वार्ड में ही गीला और सूखा कूड़ा अलग किया जाये और उसे कंपनी के गारबेज ट्रांसफर सेंटर पर न पहुंचाकर सीधे एकता विहार में एमआरएफ सेंटर पर पहुंचाया जाये, ताकि वहां कूड़े का प्रसंस्करण व निष्पादन करते हुए उसका निस्तारण किया जा सके। उधर, एमआरएफ सेंटर चला रही एनजीओ सचिव गुरू गौहर वाल्मीकि ने बताया कि सेंटर पर कूड़ा नहीं पहुंचने को लेकर हमने शिकायत की थी, जिसके बाद कंपनी को दिशा निर्देश जारी किये गये। कूड़ा पर्याप्त मात्रा में मिलेगा तो ही सेंटर को पूरी क्षमता से चलाने की व्यवस्था बन पायेगी।

**इन्होंने कहा-**

ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि एमआरएफ सेंटर शुरू होने से वहां कूड़ा पहुंचाया जा रहा है। पालिका स्तर से वाहनों से वहां कूड़ा ले जाया जा रहा है, लेकिन एमआईटूसी कंपनी निर्देशों का पालन नहीं कर रही। इसके लिए कंपनी को पत्र जारी करते हुए वार्डों से एकत्र गीला और सूखा कूड़ा अलग करते हुए एमआरएफ सेंटर पहुंचाने के लिए कहा है।

## स्काउट-गाइड चिंतन दिवस कार्यक्रम में किया सम्मानित



**मुजफ्फरनगर, 22 फरवरी (बु.)।** शनिवार को चिंतन दिवस कार्यक्रम में "डायमंड जुबली जम्बूरी" में प्रतिभाग करने वाले स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर एवं वर्ष 2024 में राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त करने वाले स्काउट-गाइड को प्रमाण पत्र, मेडल, स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान मंत्री कपिल देव द्वारा ध्वज फहराकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया, जिसमें ध्वज शिष्टाचार एवं भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुतियां सम्पन्न हुई। सभी स्काउट-गाइड को मंत्री ने नित नये आयामों को प्राप्त करते हुए भारत स्काउट गाइड संस्था का नाम रोशन करने की बधाई दी। इसी के साथ डीआईजी एवं एसएसपी अभिषेक सिंह एवं सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर मेरठ व सहारनपुर मंडल मयंक शर्मा द्वारा राज्य पुरस्कार प्राप्त एवं जनपद स्तर पर बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता, सर्वोत्तम कैडिट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले समस्त कब, बुलबुल, स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर को प्रमाण पत्र एवं मैडल प्रदान कर पुरस्कृत करते हुए उन्हें अनुशासन एवं देश हित के कार्य करने की प्रेरणा देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की। इस दौरान डीआईओएस डॉ. शैलेंद्र त्यागी, जिला मुख्य आयुक्त डॉ कंचन प्रभा शुक्ला, जिला कमिश्नर स्काउट विजय शर्मा, जिला कमिश्नर गाइड डॉ. राजेश कुमारी, अनिल कौशिक, सुनील शर्मा, लीडर ट्रेनर संतोष कुमार वर्मा, सहायक जिला कमिश्नर गाइड डॉ. सविता सिंह, रेणु गर्ग के सहयोग से कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन भारत भूषण अरोरा द्वारा किया गया।

## एमजी वर्ल्ड विजन स्कूल को शिक्षा में उत्कृष्टता का सम्मान



**मुजफ्फरनगर, 22 फरवरी (बुस.)।** शुक्रवार की शाम शिक्षा जगत के लिए स्वर्णिम अक्षरों में अंकित हो गई, जब एमजी वर्ल्ड विजन स्कूल, मुजफ्फरनगर को शिक्षा में उत्कृष्टता के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित किया गया। इस प्रतिष्ठित सम्मान को उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने हयात रीजेंसी, लखनऊ में प्रदान किया। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में एमजी वर्ल्ड विजन स्कूल के योगदान की सराहना की गई। स्कूल ने आधुनिक शिक्षण विधियों, नवाचारों और छात्रों के सर्वांगीण विकास में अपनी विशेष पहचान बनाई है। समारोह में शिक्षाविदों, प्रशासनिक अधिकारियों और अन्य प्रतिष्ठित अतिथियों की उपस्थिति रही। इस उपलब्धि पर स्कूल के प्रबंध निदेशक, प्रधानाचार्या, शिक्षकगण और छात्रों ने हर्ष व्यक्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. मृणालिनी अनंत ने इस सम्मान को विद्यालय की मेहनत, समर्पण और गुणवत्ता शिक्षा की जीत बताया और भविष्य में भी शिक्षा के उच्चतम मानकों को बनाए रखने की प्रतिबद्धता जताई।

## शारदेन ने फिनलैंड शिक्षा पद्धति को अपनाया



**मुजफ्फरनगर, 22 फरवरी (बुस.)।** बच्चों के समग्र विकास के लिए शारदेन स्कूल ने फिनलैंड शिक्षा पद्धति को अपनाने का निर्णय लिया है, जिसमें बच्चों को खेल-खेल में तथा विभिन्न गतिविधियों द्वारा शिक्षा दी जाएगी। नई शिक्षा नीति और फिनलैंड एजुकेशन के माध्यम से बच्चों का समग्र विकास हो, इसके लिए फिनलैंड के शिक्षक यहां के शिक्षकों को ट्रेनिंग देंगे। शारदेन स्कूल मुजफ्फरनगर का पहला स्कूल होगा, जो फिनलैंड शिक्षा पद्धति को कक्षा प्ले से कक्षा 2 तक लागू कर रहा है। नई शिक्षा पद्धति के अंतर्गत प्राथमिक कक्षाओं में परीक्षाएं नहीं होगी और बच्चों का ज्ञानवर्धन उनकी प्रतिदिन के कार्यकलापों के आधार पर होगा। फिनलैंड शिक्षा पद्धति पूर्ण रूप से खेल और गतिविधियों पर आधारित है। शारदेन में हर एक बच्चा महत्वपूर्ण है, इसलिए बच्चों के समग्र विकास के लिए स्कूल ने फिनलैंड के स्कूल से सहयोग लिया है, जिससे बच्चों को बेहतर और बेहतर शिक्षा दी जाए। हालांकि स्कूल में नई शिक्षा नीति के अनुसार ही पाठ्यक्रम चला आ रहा है, परंतु उसको अब और बेहतर करने के लिए अधिक प्रयास किए जाएंगे। फिनलैंड शिक्षा पद्धति में बच्चों के सीखने की प्रक्रिया पर ध्यान दिया जाता है, जिससे उनकी क्रिटिकल थिंकिंग और रचनात्मकता का विकास हो सके। फिनलैंड शिक्षा की सहायता से विद्यार्थियों को व्यक्तिगत शिक्षा के साथ-साथ सामूहिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत सात दिवसीय शिविर का शुभारम्भ

**भोपा, 22 फरवरी (बु.)।** महर्षि शुकदेव स्वामी कल्याणदेव डिग्री कॉलेज मोरना के तत्वावधान में शुकतीर्थ स्थित अग्रवाल धर्मशाला में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि द्वारा फीता काटकर किया गया। शिविर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि वेदवीर सिंह व प्राचार्य डॉ. राजपालसिंह मलिक द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इसके उपरांत हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें सचिव मदनपाल सिंह, विनोद शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी पूनम देवी, पायल, खुशी, हिमानी, महर, नव्या, महविश, बबली, मानसी, प्रियांगी, प्राची गर्ग आदि ने आहुति प्रदान की। हवन के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर नरेश कुमार, मीनू, शालू, नीता, आशुतोष अग्रवाल, कीर्तिभूषण आदि मौजूद रहे।

## भाकियू के नये कार्यालय पहुंचे राकेश टिकैत

**बुढ़ाना, 22 फरवरी (बु.)।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत शनिवार के दिन अचानक से बुढ़ाना पहुंचे, जहां पर उन्होंने कस्बा बुढ़ाना के पुल पार मदनलाल हॉस्पिटल के समीप स्थित भाकियू के निर्माणाधीन कार्यालय का स्थलीय निरीक्षण किया और पदाधिकारी व सदस्यों से बातचीत की। उन्होंने बताया कि कार्यालय की जगह बहुत अच्छी है। कार्यालय की नींव मजबूत और भूमि की सीमा में ही हो। भूमि की गहराई का भराव बहुत ही अच्छी तरीके से करवाएं। इस कार्यालय को बनाने में किसी भी तरह की लापरवाही ना बरती जाए। इस दौरान उन्होंने भाकियू जिला उपाध्यक्ष अनुज बालियान, जिला संगठन मंत्री विकास त्यागी प्रधान, तहसील अध्यक्ष संजीव पंवार, ब्लाक अध्यक्ष सुधीर सहरावत प्रधान और नगर अध्यक्ष मोहम्मद इसरार से संगठन के संबंध में बातचीत की और कहा कि वे इस कार्यालय में समय-समय पर आते रहेंगे। सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी मिलजुल कर संगठन को मजबूत करने का काम करें। उनको सभी ने यह भी बताया कि बजाज शुगर मिल किसानों को अब तक भी पिछला पूरा पेमेंट नहीं कर पाया है। किसानों को बहकाने का काम किया जा रहा है, उन्होंने सभी को आश्वस्त किया कि वे इस संबंध में मिल के उच्चाधिकारियों से बात करेंगे और गन्ने का बकाया भुगतान दिलाने का पूरा प्रयास करेंगे।

## अरविंदर सिंह लवली बने प्रोटेम स्पीकर

**नई दिल्ली, 22 फरवरी (एजेंसी)।** दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने शनिवार को भाजपा विधायक अरविंदर सिंह लवली को दिल्ली विधानसभा का प्रोटेम स्पीकर नियुक्त कर दिया है। 24 फरवरी को सत्र के पहले दिन सुबह 11 बजे नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी। दोपहर 2 बजे स्पीकर का चुनाव होगा। प्रोटेम स्पीकर सदन का एक अस्थायी अध्यक्ष होता है जो सीमित अवधि के लिए और पूर्णकालिक अध्यक्ष के चुनाव होने तक सदन की कार्यवाही का संचालन करता है। गुप्ता ने बता करते हुए आगे कहा कि नई सरकार नए उत्साह और नए जुनून के साथ सत्ता में आई है। बता दें कि वीजेंद्र गुप्ता को नई सरकार में विधानसभा स्पीकर चुना जाएगा।

## हिमाचल में भारी बारिश बर्फबारी का अलर्ट

**कुल्लू, 22 फरवरी (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश के जनजातीय क्षेत्र लाहौल में बीते दिनों हुई बर्फबारी से लोगों की दुश्वारियां कम नहीं हुई हैं। शनिवार सुबह भी रोहतांग दर्रा सहित ऊंची चोटियों पर फाहे गिरे हैं। 2 से 3 फुट बर्फ से लकदक लाहौल की वीदियों में हिम स्खलन का भी खतरा बढ़ गया है। इसे लेकर जिला प्रशासन ने पर्यटकों व लोगों को बर्फबारी वाले क्षेत्रों में आवाजाही नहीं करने की हिदायत दी है।

## बांग्लादेश की वीडियो महाकुंभ का बताकर फैलाई अफवाह, 34 पर केस

**प्रयागराज, 22 फरवरी (एजेंसी)।** महाकुंभ को लेकर सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने के वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में शनिवार को 34 और सोशल मीडिया अकाउंट पर एफआईआर दर्ज की गई। इन अकाउंट से बांग्लादेश की ट्रेन में लगी आग की घटना को महाकुंभ का बताकर गलत सूचना फैलाई गई। एसएसपी महाकुंभ राजेश द्विवेदी ने बताया कि सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के दौरान शनिवार को यह संज्ञान में आया कि कतिपय सोशल मीडिया एकाउंट से बांग्लादेश में ट्रेन में आग लगने की घटना के वीडियो को प्रयागराज का बताकर अफवाह फैलाई जा रही है। वीडियो के साथ लिखा जा रहा है कि "महाकुम्भ जाने वाली ट्रेन में 14-02-2025 को आग लग जाने से 300 लोगों की मौत हो गई। जबकि यह वीडियो बांग्लादेश में 2022 में हुए ट्रेन हादसे का है। तब ढाका-सिलहट रेल लाइन पर परबत एक्सप्रेस में आग लगने की घटना हुई थी। इस मामले में 34 सोशल मीडिया अकाउंट पर एफआईआर दर्ज की गई। यह इस प्रकार से हैं। महाकुंभ से सबंधित भ्रामक वीडियो/फोटो सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करने के अब तक 12 प्रकरण सामने आए हैं। कुल 171 अकाउंट पर एफआईआर दर्ज की गई है। एसएसपी कुंभ राजेश द्विवेदी ने बताया कि संचालकों को चिन्हित करने का प्रयास किया जा रहा है।

## सहारनपुर में पीट-पीटकर अधेड़ की हत्या, नहीं हो पाई मृतक की पहचान

**सहारनपुर, 22 फरवरी (एजेंसी)।** सहारनपुर थाना सदर बाजार क्षेत्र की शाकुंभरी विहार कॉलोनी के खाली प्लाट में अधेड़ (50) का शव मिला है। शव की अभी पहचान नहीं हो पाई है। उसके सिर और गले पर चोट के निशान है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि पीट-पीटकर अधेड़ को मौत के घाट उतारा गया हो। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना सदर बाजार पुलिस को सूचना मिली कि शाकुंभरी विहार कॉलोनी में निमार्णाधीन मकानों के बीच खाली पड़े प्लाट में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। पता लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद फोरेंसिक टीम को भी बुला लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल स्थित मोर्चरी में रखवा दिया है। साथ ही फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित किए। मृतक की जेब से न आधार कार्ड मिला और न ही मोबाइल। इसलिए अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि मृतक के सिर और गले में चोट के निशान मिले हैं। कान से भी खून निकला हुआ है। मृतक ने ग्रे रंग का स्वेटर और पिंक शर्ट पहनी हुई है। गर्दन से ऊपर का हिस्सा बुरी तरह कुचला हुआ है, जिससे लगता है कि अधेड़ को पीट-पीटकर मारा गया। पुलिस हर बिंदुओं पर जांच कर रही है। घटनास्थल से कांशीराम कॉलोनी पुलिस चौकी करीब तीन किलोमीटर दूर है। पुलिस प्रथम दृष्टया व्यक्ति की हत्या मानकर चल रही है।

## कांवड़ सेवा शिविर में जरूरतमंदों को बांटे कंबल



**भोपा, 22 फरवरी (बु.)।** गांव छछरौली में कांवड़ सेवा शिविर का शुभारम्भ हवन यज्ञ में आहुति देकर व पूजा-अर्चना कर किया गया तथा भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया गया। साथ ही जरूरतमंदों को गर्म कम्बल का वितरण किया गया। मोरना क्षेत्र के गांव छछरौली में पांवधोई नामक स्थान पर कांवड़ सेवा शिविर का शुभारम्भ किया गया।

इस अवसर पर पं. ब्रजनंदन शर्मा द्वारा हवन यज्ञ सम्पन्न कराया गया तथा कुंवर सिंह महाराज द्वारा भजन प्रस्तुत किये गये। साथ ही हरिद्वार की ओर से आने वाले कांवड़ियों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। शिविर में निःशुल्क जलपान आदि सेवा की गई। इस दौरान जरूरतमंदों को कंबल का वितरण भी किया गया। कंबल प्राप्त करने वालों में कश्मीरी, सरेस, सरेशो, अतरकली, सुखिया, चमेली, सरेशवती, सुदेश, बाबूराम, रोहताश आदि रहे। कांवड़ सेवा शिविर के आयोजन में सेवानिवृत्त एडीओ भारतवीर सिंह, सर्वेन्द्र उर्फ मिन्टू राठी, जितेन्द्र दीवान, सोहनवीर सिंह, अमित कुमार, राजीव राठी, नताशा चौधरी, वैभव कुमार, सोनम आदि उपस्थित रहे। वहीं हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर शिवभक्त भोकरहेड़ी, छछरौली, मोरना से होकर गुजरते हैं। कांवड़ की सुरक्षा को लेकर पुलिस व्यवस्था में जुटी हुई है।

## परिवार कल्याण सांख्यिकीय सेवा संघ कार्यकारिणी का गठन

### आनन्द अध्यक्ष व विनीत बने महामंत्री, सीएमओ ने किया पदाधिकारियों को सम्मानित



**मुजफ्फरनगर, 22 फरवरी (बु.)।** शनिवार को उत्तर प्रदेश परिवार कल्याण सांख्यिकीय सेवा संघ की जनपद स्तरीय द्विवार्षिक कार्यकारिणी का गठन किया। महानिदेशक, परिवार कल्याण लखनऊ के निर्देश पर सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया के निर्देश पर एसीएमओ डॉ. प्रशांत कुमार चुनाव अधिकारी की देखरेख में चुनाव संपन्न हुआ। परिवार कल्याण सांख्यिकीय सेवा संघ की जनपद स्तरीय द्विवार्षिक कार्यकरिणी के चुनाव में अध्यक्ष पद पर आनन्द कुमार, महासचिव पद पर विनीत कुमार, उपाध्यक्ष हर्षवर्धन, संयुक्त मंत्री पद पर दीपक कुमार तोमर, कोषाध्यक्ष पद पर प्रवीण कुमार, आडिटर पद पर पीयूष गर्ग एवं कार्यकारिणी सदस्य के पद पर नितिन कुमार, सचिन कुमार शर्मा, गौरव वर्मा, अभिनव गौतम को निर्वाचित घोषित किया गया। इस दौरान संजीव कुमार लांबा, चुनाव पर्यवेक्षक एवं जिलाध्यक्ष, मुजफ्फरनगर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, उत्तर प्रदेश डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष रोहित चौधरी, मंत्री मनोज त्यागी व लिपिकीय संवर्ग के जिलाध्यक्ष पाकेश कुमार की देखरेख में चुनाव सम्पन्न कराया गया। सभी घोषित पदाधिकारियों को सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया ने बधाई देते हुए चिकित्सीय सेवाओं के साथ कर्मचारी हित में कार्य किए जाने की आशा व्यक्त की। इस दौरान सभी चुने गए पदाधिकारियों को फूल माला पहनाते हुए उनका स्वागत किया गया।


कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0, मुजफ्फरनगर

अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना (स्वीकृति की प्रत्याशा में)

पत्रांक 528/8ए    दिनांक 15.02.2025

1. महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियंता, निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0, मुजफ्फरनगर द्वारा लोक निर्माण विभाग में A,B,C,D श्रेणी में मार्ग कार्य हेतु पंजीकृत एवं पात्र अनुमोदित तथा अर्ह ठेकेदार से प्रतिशत दर के आधार पर निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदादाता द्वारा एक या समस्त कार्यो के लिए निविदा दी जा सकती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि कृपया नोट कर ले कि कॉन्ट्रेट के अवार्ड हेतु अर्ह के लिए बिडर्स के निर्देश के क्लॉज–4 के अनुसार न्यूनतम अर्हता रखता है।

2.

| क्र.सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (जीएसटी छोडकर) (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य व जी0एस0टी0 सहित | ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि विपणन सुविधाओं हेतु ग्राम कल्लरपुर से मिमलाना नदी की ओर मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य। | 10.00 | 1.00 | 03 माह | 500+225+131 =856 | मार्ग श्रेणी ए.बी.सी. डी |

3. वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्ते तथा बिडिंग डॉक्यूमेन्ट ऑनलाईन देखे जा सकते है।

4. निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 25.02.2025 की प्रातः 11.00 बजे से दिनांक 03.03.2025 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकेगें। निविदादाताओं द्वारा ऑनलाईन निविदा की अपलोडिंग/डाउनलोडिंग तथा समस्त प्रपत्रों को शासनादेश सं0 3070/78–2–2018–42आई0टी0/2017(22) दिनांक 03.01.2018 के अनुसार जमा किया जाएगा। ऑनलाईन प्राप्त समस्त टेक्निकल बिड दिनांक 03.03.2025 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगीं

5. निविदाओं का तकनीकी मूलयाकंन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

6. उपरोक्त कार्य पूर्ण होने के पश्चात् सम्बन्धित फर्म द्वारा अनुरक्षण का कार्य समय समय पर जारी शासनादेश के अनुसार किया जाएगा।

(इं0 अभिषेक कुमार सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0
मुजफ्फरनगर

आर.ओ. संख्या-229540 सू. एवं ज.सं.वि.-(विज्ञापन वर्गीकृत) दिनांक 19/02/2025
यह विज्ञापन Website - www.upidadv.gov.in से लिया गया है।



नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मैंने अपनी बेटी का नाम अनिका (ANIKA) से बदलकर अनिका सिंह (ANIKA SINGH) रख लिया है। अब भविष्य में मेरी बेटी को अनिका सिंह के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

निशा पुत्री डा. प्रेम सिंह
म.न.-350, ग्राम- रसूलपुर जाटान, मुजफ्फरनगर





संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257

E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## भारत में डीप स्टेट की साजिश

लोकसभा 2024 के चुनाव में बहुमत के लिए जरूरी 272 सीटों से भाजपा 32 सीटें पीछे रह गई थी। भाजपा को इस चुनाव में कुल 240 सीटें हासिल हुई थी। अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खुलासे से यह सवाल उठने लगा है कि पीएम मोदी का बहुमत तक नहीं पहुंच पाने का कारण क्या यूएसएड था, ताकि किसी और को सत्ता में लाया जा सके। क्या भारत में अमेरिकी डीप स्टेट की साजिश कामयाब हो गई? ये सवाल उठ रहे हैं। उत्तर प्रदेश में मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ ने राहुल गांधी, अखिलेश यादव और शिवपाल यादव को पप्पू, टप्पू और चच्चू कह कह कर टिप्पणी की, इससे भी सियासी चर्चाएं बढ़ी हुई हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि यूएसएड यानि भारत में वोटर टर्न आउट के नाम पर दी गई 21 मिलियन डॉलर की राशि भारत में नरेन्द्र मोदी की जगह, किसी और को सत्ता में लाने का प्रयास था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हाल ही में एलन मस्क के नेतृत्व वाले सरकारी दक्षता विभाग द्वारा भारत में मतदान को प्रेरित करने के लिए 2.1 करोड़ यूएस डॉलर दिए जाने का खुलासा किए जाने के कुछ दिनों बाद कहा था कि हम भारत को यह पैसा क्यों दे रहे हैं। ट्रंप ने सवाल किया कि यूएसएड ने भारत में मतदान प्रतिशत को बढ़ावा देने के लिए 21 मिलियन अमेरिकी डॉलर का योगदान दिया था। हमें इसकी क्या जरूरत थी, क्या पूर्व सरकार भारत में किसी और को चुनाव जिताने के लिए यह सब कर रही थी। ट्रंप ने कहा कि हमें मौजूदा भारत सरकार को यह सब बताना होगा। ट्रंप ने अपनी टिप्पणी में राजनीतिक स्थिति को मजबूत करने के लिए यूएसएड की ओर से बांग्लादेश को दिए गए 29 मिलियन अमेरिकी डॉलर का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में 29 मिलियन डॉलर एक ऐसी फर्म को दिए गए, जिसके बारे में कभी किसी ने नहीं सुना और उस फर्म में मात्र दो ही लोग काम कर रहे थे। अमेरिकी के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन की ओर से यह राशि भारत में एक एनजीओ को दी गई थी। ट्रंप ने साफ तौर पर कहा है कि अगर यह पीएम मोदी को सत्ता से हटाने के लिए नहीं था, तो क्या था? ट्रंप ने सवाल किया कि आखिर जो बाइडेन को अमेरिका के बजाय भारत में वोटर टर्न आउट की चिंता क्यों थी? ट्रंप ने कहा कि मेरे विचार से यह साफ तौर पर रिश्वत थी, जो मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए दी गई। ट्रंप के खुलासे से साफ है कि भारत में अमेरिकी डीप स्टेट सत्ता परिवर्तन करने के लिए साजिश कर रहा था। भारत के चुनाव में विदेशी हस्तक्षेप किया जा रहा था। भारतीय विदेश मंत्रालय भी एलन मस्क और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के इस खुलासे के बाद हैरान है। विदेश मंत्रालय ने यूएसएड पर अपना पहला रिएक्शन देते हुए इस पर गहरी चिंता जाहिर की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा है कि हमने इस तरह की खबरें देखी और सुनी हैं कि अमेरिका की पूर्व सरकार ने भारत में चुनाव को प्रभावित करने के लिए फंडिंग की। भारत ने कहा कि देश में कुछ गतिविधियों के लिए यूएसएड द्वारा वित्त पोषण किए जाने के बारे में खुलासे बेहद परेशान करने वाले हैं और इससे देश के आंतरिक मामलों में विदेशी हस्तक्षेप को लेकर चिंता पैदा हुई है। रणधीर जायसवाल ने कहा कि संबंधित विभाग और अधिकारी कुछ अमेरिकी गतिविधियों और वित्तपोषण के संबंध में अमेरिकी प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी की जांच कर रहे हैं। जायसवाल ने कहा कि हमने अमेरिकी प्रशासन द्वारा कुछ अमेरिकी गतिविधियों और वित्तपोषण के संबंध में दी गई जानकारी देखी है। ये स्पष्ट रूप से बहुत परेशान करने वाली है। जायसवाल ने कहा कि इससे भारत के आंतरिक मामलों में विदेशी हस्तक्षेप की चिंताएं पैदा हुई हैं। संबंधित विभाग और एजेंसियां इस मामले की जांच कर रही हैं। इस समय कोई टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी। उम्मीद है कि हम बाद में इस पर कोई जानकारी दे पाएंगे। भाजपा के आईटी सेल के चीफ अमित मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए इस रिपोर्ट और विपक्ष पर निशाना साधा है। मालवीय ने अपने ट्वीट में कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने लगातार तीसरे दिन भारत में वोटर टर्नआउट को बढ़ाने के लिए यूएसएड की फंडिंग को लेकर अपने दावों को दोहराया है, लेकिन क्या वह जानते हैं कि उनके देश के खर्च क्या-क्या हैं? वहीं, एक अखबार और वामपंथी सोचते है कि उनके पास अधिक और बेहतर जानकारी है। दूसरी तरफ सोशल मीडिया पर एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में दिख रहा है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ विपक्ष पर जमकर निशाना साध रहे हैं। देश और सनातन को बदनाम करने के मामले में अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि आप लोग भारत को, सनातन को क्यों बदनाम कर रहे हैं? मुझे अफसोस है कि आप भाजपा से लड़ते-लड़ते भारत से लड़ने लगे। योगी आदित्यनाथ ने आगे कहा कि देश अब इस बात को कहने लग गया है कि अगर देश में राहुल गांधी की उपस्थिति भाजपा की जीत की गारंटी है, तो उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव की उपस्थिति भी भाजपा की जीत की निश्चित गारंटी है और ये गारंटी उपचुनाव ने दे दी है। और ठीक ही बात है, पप्पू और टप्पू में बहुत अंतर थोड़े हैं। नाम का असर होता है। चच्चू ने ऐसे ही थोड़े नाम रखा है। अखिलेश यादव को यूपी का राहुल बताने वाले इस वीडियो को लोग सोशल मीडिया पर जमकर शेयर कर रहे हैं। पप्पू और टप्पू में ज्यादा फर्क थोड़े न है, सोशल मीडिया पर सुर्खियों में आ गया है। लोग इसे लिखकर मजे ले रहे हैं। योगी आदित्यनाथ के इस बयान के बाद सियासी गलियारों में हलचल तेज हो गई है। भाजपा समर्थक जहां इसे योगी की बेबाक शैली कह रहे हैं, वहीं सपा और कांग्रेस के नेता इसे अहंकार और अपमानजनक भाषा का नमूना बता रहे हैं, लेकिन सच यही है कि राजनीतिक मंचों पर पप्पू और टप्पू की चर्चा अब और तेज हो गई है। सीएम योगी ने महाकुंभ को लेकर अखिलेश यादव और अन्य आलोचकों की टिप्पणियों पर कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ जैसे आयोजनों को बदनाम मत कीजिए। तीर्थ यात्राएं और हज यात्राएं होती आई हैं और ऐसी घटनाएं कोई नई बात नहीं हैं। उन्होंने कहा कि सरकार महाकुंभ में हुई घटनाओं पर पूरी संवेदना रखती है और इसकी जांच के लिए न्यायिक आयोग का गठन किया गया है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

*कपट* *ईमान* *सियासत* *किरदार*

छल कपट की जिन्दगी और कामना सम्मान की।
आज बस चर्चा बची है धर्म की ईमान की।।
निचले दर्जे की सियासत निचले दर्जे का दगा,
आप के किरदार ने ये आप की पहचान की।

# रबिंद्रनाथ वर्ल्ड स्कूल में वार्षिक उत्सव आकार: Where Creativity Takes Shape का भव्य आयोजन

















**मुजफ्फरनगर, 22 फरवरी (बुस.)।** रबिंद्रनाथ वर्ल्ड स्कूल में आज वार्षिक उत्सव 'आकार: Where Creativity Takes Shape का भव्य आयोजन किया हुआ । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद हरेंद्र मलिक और विशिष्ट अतिथि अंकुर दुआ जो मुजफ्फरनगर बुलेटिन के मालिक एवं मुख्य संपादक एवं पंजाबी समाज के अध्यक्ष ने शिरकत की। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने विभिन्न रंगारंग प्रस्तुतियाँ देकर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से हुई, जिसके बाद नन्हें बच्चों ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि हरेंद्र मलिक ने विद्यालय के समर्पित शिक्षकों और छात्रों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में बच्चों ने जिस तरह से अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया है, वह अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने विशेष रूप से मोबाइल एडिक्शन पर प्रस्तुत नृत्य की सराहना की और इस गंभीर मुद्दे पर अभिभावकों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक समय में मोबाइल का अत्यधिक उपयोग बच्चों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है, इसलिए माता-पिता को इस ओर विशेष ध्यान देना चाहिए। अंकुर दुआ ने छात्रों की सर्वश्रेष्ठ एंकरिंग की सराहना करते हुए शिक्षकों की मेहनत की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि शिक्षक बच्चों के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और अभिभावकों को शिक्षकों पर पूरा विश्वास रखना चाहिए। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि माता-पिता को अपने बच्चों पर सख्त नजर रखनी चाहिए, खासकर उनके किशोरावस्था के दौरान ताकि वे गलत मार्ग पर न चलें और सभी अभिभावकों को अपने कार्यों की व्यस्तता के बीच समय निकालकर बच्चों की सभी गतिविधियों पर पारखी एवं सकारात्मक नजर बनाये रखने की सलाह दी। इसके साथ ही उन्होंने विद्यालय में अपनाई जा रही आधुनिक शिक्षण तकनीकों की भी सराहना की। विद्यालय के चेयरमैन विंग कमांडर यशवीर सिंह तोमर ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि और अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी उपस्थिति ने इस कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों की मेहनत को भी सराहा, जिन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या गीता चाहार ने सभी शिक्षकों और स्टाफ को इस भव्य कार्यक्रम की सफलता का श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की कड़ी मेहनत, समर्पण और लगन के बिना यह संभव नहीं था। साथ ही, उन्होंने सभी अभिभावकों को विशेष रूप से धन्यवाद दिया, जिन्होंने अपने व्यस्त समय में से कीमती समय निकालकर इस कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज कराई और अपने बच्चों को इस तरह के कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया, ताकि उनकी मंचन प्रतिभा को निखारा जा सके। कार्यक्रम के अंत में अंकुर दुआ ने स्कूल के प्रतिभाशाली बच्चों को प्रशस्ति-पत्र एवं मेडल प्रदान कर बच्चों को इसी तरह आगे बढ़ते रहने को प्रेरित किया। इस शानदार आयोजन को सफलतापूर्वक आयोजित करने में नितीशा मलिक (स्कूल कोऑर्डिनेटर), पूजा शर्मा (स्कूल एचआर और मार्केटिंग मैनेजर), सपना मिश्रा (स्टेज मैनेजर) ने अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ, जिसने सभी के मन में देशभक्ति की भावना को जागृत कर दिया। विद्यालय परिवार इस सफलता से अत्यंत उत्साहित है और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की प्रतिबद्धता बनाए रखने का संकल्प लेता है।

## 60 करोड़ ने डुबकी लगाई

## महाकुंभ ने विरोधियों को आईना दिखाया: सीएम योगी



**लखनऊ, 22 फरवरी (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखीमपुर खीरी में महाकुंभ को लेकर विरोधियों को आइना दिखाया। उन्होंने कहा कि 13 जनवरी से 22 फरवरी के बीच 60 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई है। यह उत्तर प्रदेश के सामर्थ्य को दुनिया के सामने रखता है। उन्होंने कहा कि क्या 60 करोड़ लोग एक निश्चित समयसीमा के अंदर एक जगह पर एकत्र हो पाएंगे क्या? सीएम योगी ने कहा कि यह अन्यत्र कठिन है, यह केवल प्रयागराज में ही हो सकता है, प्रयागराज में ही हो सकता है। इस सामर्थ्य का लोहा पूरी दुनिया मान रही है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में महाकुंभ लगातार आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया महाकुंभ की शक्ति की प्रशंसा कर रही है। जिन्हें विकास पसंद नहीं, वे महाकुंभ को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि जिन्हें हमारे देश और हमारे राज्य की क्षमता पसंद नहीं है, वे लगातार नकारात्मक टिप्पणियां कर रहे हैं। प्रयागराज महाकुंभ ने उन विरोधियों को आईना दिखाया है जो अच्छे काम पर सवाल उठाते हैं और इसमें बाधा बनने का काम करते हैं। लेकिन देश ने दिखा दिया है, सनातन धर्म के अनुयायियों ने दिखा दिया है कि अनुपम प्रस्तुतियां होंगी तो देश के गौरव को आगे बढ़ाने का काम करेंगे और प्रयागराज महाकुंभ ने इसका उदाहरण बनकर देश और दुनिया को आईना दिखाने का काम भी किया है। उन्होंने कहा कि जो अच्छे कार्य में सवाल खड़ा करते हैं। हर अच्छे कार्य के मार्ग में बैरियर बनने का काम करते हैं। याद रखना विकास का कोई विकल्प नहीं हो सकता है। विकास होगा तो रोजगार का सिरजन होगा।

## जेपी नड्डा ने सीएम योगी संग किया संगम स्नान



**प्रयागराज, 22 फरवरी (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा शनिवार को प्रयागराज महाकुंभ मेले में पहुंचे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ स्टीमर से संगम तट पर गए। जाते समय जेपी नड्डा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने साइबेरियन पक्षियों को दाना भी खिलाया। संगम तट पर जेपी नड्डा ने सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ आस्था की डुबकी लगाई। केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आज परिवार के साथ संगम में डुबकी लगाई। वहीं इस दौरान यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई। प्रयागराज में केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान करने के बाद पूजा-अर्चना की। जे पी नड्डा परिवार के साथ बड़े हनुमान मंदिर पहुंचे। यहां उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी बड़े हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की। जेपी नड्डा के साथ सीएम योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, महापौर गणेश केसरवानी, संतोष दास सतुआ बाबा आदि रहे। महाकुंभ मेले का शनिवार को 41वां दिन रहा। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के स्नान के साथ मेले का समापन हो जाएगा।

# पीएम मोदी और राष्ट्रपति मुर्मू जाएंगे बागेश्वर धाम



**नई दिल्ली, 22 फरवरी (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 फरवरी को बागेश्वर धाम पहुंचेंगे। पीएम पहली बार धाम पहुंच रहे हैं। इस दौरान वो 100 बेड वाले कैंसर अस्पताल की नींव रखेंगे। पीएम मोदी जहां 23 फरवरी को धाम जा रहे हैं। वहीं, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 26 फरवरी को धाम जाएंगी और 251 बेसहारा कन्याओं के सामूहिक विवाह में शिरकत करेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 फरवरी को मध्य प्रदेश के छतरपुर में मौजूद बागेश्वर धाम पहुंचेंगे। बागेश्वर धाम के लिए यह दिन ऐतिहासिक होगा क्योंकि पीएम पहली बार धाम पहुंच रहे हैं। अपने इस दौरे के दौरान वो यहां 100 बेड वाले कैंसर हॉस्पिटल की नींव रखेंगे। साथ ही बुंदेलखंड महोत्सव की शुरूआत करेंगे। जहां प्रधानमंत्री मोदी 23 फरवरी को बागेश्वर धाम पहुंच रहे हैं। वहीं, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 26 फरवरी को धाम पहुंचेंगी और 251 बेसहारा कन्याओं के सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल होंगी और अपना आशीर्वाद देंगी। पीएम मोदी और राष्ट्रपति मुर्मु के धाम पहुंचने के चलते इस समय बागेश्वर सरकार पंडित धीरेंद्र शास्त्री दिन-रात तैयारियों में लगे हुए हैं। पीएम मोदी 23 फरवरी को धाम में पहुंचेंगे। पीएम मोदी के आगमन के चलते खुद मुख्यमंत्री मोहन यादव तैयारी और व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। प्रेस वार्ता के मुताबिक, कैंसर के अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर के भूमिपूजन का कार्यक्रम 12:30 से 2:30 बजे तक चलेगा। पीएम मोदी रविवार को दोपहर 12.30 बजे खजुराहो एयरपोर्ट पहुंचेंगे, जहां से फिर वो हेलीकॉप्टर से 12.55 पर बागेश्वर धाम पहुंचेंगे। धाम प्रमुख धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि पीएम पहले धाम में मौजूद मंदिर के दर्शन करेंगे और फिर कैंसर हॉस्पिटल का विधि-विधान से शिलान्यास करेंगे। फिर कार्यक्रम के बाद पीएम मोदी भोपाल के लिए रवाना हो जाएंगे। भोपाल में पीएम 24 फरवरी को ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में शामिल होंगे।

## इंग्लैंड ने बनाया चैंपियंस ट्रॉफी इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर, 21 साल पुराना रिकॉर्ड टूटा

**लाहौर, 22 फरवरी (एजेंसी)।** सलामी बल्लेबाज बेन डकेट की शानदार बल्लेबाजी की मदद से इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के सामने 352 रनों का लक्ष्य रखा। डकेट ने इस मैच में बेहतरीन खेल दिखाया और 143 गेंदों पर 17 चौकों और तीन छक्के की मदद से 165 रन बनाए। डकेट की पारी के दम पर ही इंग्लैंड 50 ओवर में आठ विकेट पर 351 रन बनाने में सफल रहा। यह चैंपियंस ट्रॉफी इतिहास का सबसे बड़ा टोटल है। इंग्लैंड ने लाहौर में खेल जा रहे इस मुकाबले में दमदार बल्लेबाजी की और 21 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा दिया। चैंपियंस ट्रॉफी में इससे पहले सबसे बड़ा टोटल न्यूजीलैंड ने अमेरिका के खिलाफ 2004 में द ओवल में खेले गए मैच में बनाया था। न्यूजीलैंड ने उस वक्त चार विकेट पर 347 रन बनाए थे। इंग्लैंड ने हालांकि पिछले सभी रिकॉर्ड्स को पीछे छोड़ा दिया है। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने टॉस जीतकर इंग्लैंड को बल्लेबाजी का न्योता दिया। बेन ड्वार्शुइस ने इंग्लैंड को दो झटके दिए, लेकिन डकेट ने जो रूट के साथ मिलकर शतकीय साझेदारी की और इंग्लैंड को संभाला।


SILVER OAK PUBLIC SCHOOL
Affiliated to CBSE, New Delhi (Sr. Secondary School)

STAFF REQUIREMENT

KG Section - 3 Teachers (Experienced /Fresher )
PRT- 3 Teachers ( All Subjects)
TGT- Maths, English, Social Science
PGT- Yoga, Economics, Physics,
Physical Education ACTIVITY TEACHER

Walk In Interview
01 मार्च को समय: 01 बजे से 04 बजे तक
और 02 मार्च को समय: 10 बजे से 4 बजे तक

STAFF BUS FACILITY AVAILABLE
Please send the resume at E-mail of the School given below
E-mail : sops2010mzn@gmail.com or
WhatsApp Biodata : 9927087112
Campus - 6 KM Stone, Shamli Road, Pinna, MZN



GOLDEN PUBLIC SCHOOL
PACHENDA ROAD, MUZAFFARNAGAR
CONTACT: 0131-2413427, +91 9997589620

WE ARE HIRING!

Applications are invited from dynamic candidates with good academic background and fluency in English.

PGTs
English, Physics, Chemistry, Biology, Economics, Mathematics, Accountancy, Computer Science, Physical Education

TGTs
English, Hindi, Mathematics, Science, Social Science, Computer, Sanskrit

PRTs
All Subjects

NTT

Others
PTI, Art Teacher, Music Teacher (Inst.)
Computer Operator,
Lab Assistant (Physics & Chemistry)

EDUCATIONAL QUALIFICATION AS PER CBSE NORMS

• Interested candidates can send their CV/Resume with latest passport size photograph on- golden.publicmzn@gmail.com Or Whatsapp on +91 9997589620 before 27 February 2025.
• Short-listed candidates will be called for Interview.



आवश्यकता है।
दो लड़को की जो Tally Prime से बिल (E-Invoice) काटना जानते हो, अपना Resume इस नम्बर पर Whatsapp करें।
Whatsapp. No.
7078860890
9458568245
Note: CALL नही करना है केवल Whatsapp करें।
Whatsapp करने का टाईम प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक



Shri Girdhari Lal Jain Memorial Public School
73, Prempuri, Muzaffarnagar (M. 9012205377)
( A Highly Dynamic Preparatory School )
Admission Open For
Classes: Pre Nursery & Nursery
Require Dedicated Male & Female Teachers for I to VIII.
Receptionist, Hindi, English, Mathematics, S.St., Sanskrit, Drawing, Computer
Walk-in with a Self-Written Application
Between 9.00 AM to 1.00 PM



॥ शांति सभा ॥



स्व0 श्री महेंद्र कुमार गुप्ता जी 18/08/1944-13/02/2025

अत्यंत दुख के साथ आपको सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य पिताजी श्री महेंद्र कुमार गुप्ता जी का स्वर्गवास आज दिनांक 13/02/2025, दिन- बृहस्पतिवार को हो गया था। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।
इनकी रस्म पगड़ी, दिनांक 24/02/2025, दिन- सोमवार को होनी निश्चित हुई है। अतः आपसे निवेदन है कि दिवंगत आत्मा की शांति हेतु आयोजित ईश्वर की प्रार्थना सभा में सम्मिलित होने की कृपा करें।

हवन - 10 बजे | ब्रह्म भोज- दोपहर 12 बजे | रस्म पगड़ी- 2 से 3 बजे तक

स्थान- दर्पण बैंक्विट हॉल, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर

शोकाकुल परिवार :-
मधु गुप्ता (धर्मपत्नी) | सुरेंद्र गुप्ता,-उर्मिला गुप्ता (भाई-भाभी)
संदीप गुप्ता (पुत्र) | ऋषभ गुप्ता (भतीजा)
पुनीत गुप्ता- सुरभि गुप्ता (पुत्र- पुत्रवधू) | ऋचा बंसल- ललित बंसल (पुत्री-दामाद)
रिआन गुप्ता, आस्या गुप्ता (पौत्र-पौत्री) | आना बंसल, अभी बंसल (धेवती, धेवता)

निवास:-58 जी, द्वारिकासिटी, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर
M. 8057431044, 8080570424



## तात्कालिक साक्षात्कार (WALK IN INTERVIEW)

शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए अंशकालिक संविदा के आधार पर शिक्षकों के सभी वर्गों की नियुक्ति हेतु एक सूची तैयार करने के लिए तात्कालिक साक्षात्कार का आयोजन पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मुजफ्फरनगर में निम्न पदों के लिए किया जाएगा।

| पद एवं विषय | साक्षात्कार की तिथि एवं समय |
|---|---|
| पी0जी0टी (कंप्यूटर विज्ञान), कंप्यूटर प्रशिक्षक | 05/03/2025 (Wednesday)<br>पंजीकरण: 08:00 AM से 10:00 AM<br>साक्षात्कार 10:00 AM |
| प्राथमिक शिक्षक, प्राथमिक शिक्षक (संगीत) | |
| पी0जी0टी- अंग्रेजी, हिंदी, अर्थशास्त्र, वाणिज्य, गणित, भौतिकी, रसायन, जीव विज्ञान | 06/03/2025 (Thursday)<br>पंजीकरण: 08:00 AM से 10:00 AM<br>साक्षात्कार 10:00 AM |
| टी0जी0टी - गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, अंग्रेजी, हिंदी, संस्कृत | |
| अन्य श्रेणी शिक्षक- कला एवं शिल्प शिक्षक, स्पोर्ट्स कोच, योगा प्रशिक्षक, काउंसलर, डॉक्टर, नर्स, विशेष शिक्षक (Special Educator) | |

नोट:
1. प्रत्येक पद की योग्यता एवं अन्य जानकारी के लिए केंद्रीय विद्यालय की वेबसाइट www.muzaffarnagar.kvs.ac.in देखें।
2. आवेदन प्रपत्र विद्यालय की वेबसाइट www.muzaffarnagar.kvs.ac.in से डाउनलोड करके भरकर साथ लाना आवश्यक है।
3. साक्षात्कार के समय मूल प्रमाण पत्रों की स्व-सत्यापित छायाप्रति तथा मूल प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है।
4. साक्षात्कार हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा व अन्य भत्ता देय नहीं होगा।
5. सभी पद विशुद्ध संविदात्मक एवं आवश्यकता आधारित हैं और प्रत्याशी किसी भी प्रकार की नियमित नियुक्ति हेतु पात्र नहीं होगा।
6. केवल पात्र अभ्यर्थी ही साक्षात्कार हेतु उपस्थित हों।

(प्राचार्य)
पीएम श्री के.वि. मुज़फ्फरनगर



RAKHI PUBLIC SCHOOL
(10+2, Affiliated to CBSE, New Delhi)
8th KM, Mansurpur-Shahpur Road, Sohanjani Tagan, Muzaffarnagar -251001 (U.P.)
(Website- www.rakhipublicschool.co.in)

WALK IN INTERVIEW

PGT's : English, Physics, Chemistry, Maths, Phy.Education (Female), Accountancy, Comp. Science.
TGT's: All Subjects. PRT's: All Subjects, Nursery Teacher/Pre-Primary Teacher, Counselor (Trained).

-:VENUE:-
School Campus: Date & Time- 02nd March 2025
Sunday, 9:00 A.M. with Original Documents
Mail Resume upto 28th February 2025
E-mail: rakheepublicschool@rediffmail.com
Contact/Whatsapp No. 6396159468, 9837002327, 9917327777
Dr. R.N. Tyagi Manager | Pramod Kumar Principal

## पकड़े गए जीओ कम्पनी के मैनेजर की बेहरमी से पिटाई व लूट करने वाले




**मुजफ्फरनगर, 22 फरवरी (बु.)।** 18 फरवरी को रात्रि में तितावी थाना क्षेत्र में शामली के रहने वाले जीओ कम्पनी के मैनेजर विपिन की बदमाशों ने बेरहमीं से पिटाई की थी। पिटाई के साथ-साथ जीओ कम्पनी के मैनेजर से मोबाइल व नकदी भी लूटी गयी थी। इस मामले में थाना प्रभारी तितावी मानवेन्द्र भाटी ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र के तिरपड़ी गांव के कट के पास दो बदमाश किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में खड़े थे। पुलिस ने जब उक्त बदमाशों की गतिविधियां संदिग्ध देखी तो पुलिस ने बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया, मगर बदमाशों ने पुलिस पर ही फायरिंग कर डाली। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दोनों बदमाश घायल हो गए। एसपी देहात आदित्य बंसल ने उक्त बदमाशों की जानकारी देते हुए बताया कि यह बदमाश वही हैं, जिन्होंने जीओ कम्पनी के मैनेजर से लिफ्ट लेने के नाम पर लूट की थी और बेरहमीं से कम्पनी के मैनेजर विपिन की पिटाई की थी। उक्त दोनों बदमाश आर्यन उर्फ नंदू व आकाश उर्फ मोंटी निवासी काजीखेड़ा से लूट के दो मोबाइल, दो तमंचे व एक बाइक बरामद की।

## इंजीनियर हत्याकांड में पूर्व बसपा विधायक शेखर तिवारी की मर्सी अपील नामंजूर

**लखनऊ, 22 फरवरी (एजेंसी)।** यूपी की राजधानी लखनऊ के बहुचर्चित इंजीनियर मनोज कुमार गुप्ता हत्याकांड में उम्रकैद की सजा काट रहे पूर्व बसपा विधायक शेखर तिवारी की समयपूर्व रिहाई नहीं होगी। राज्यपाल ने उनकी समयपूर्व रिहाई की याचिका को नामंजूर कर दिया है, जिसके बाद शासन ने इसका आदेश जारी कर दिया है। पूर्व विधायक के अलावा घटना में शामिल उसके साथी देवेंद्र राजपूत और रामबाबू की याचिका भी नामंजूर हो गई है। बता दें कि 24 दिसंबर 2008 को औरैया के तत्कालीन बसपा विधायक शेखर तिवारी ने अपने नौ अन्य साथियों के साथ मिलकर लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता मनोज कुमार गुप्ता का अपहरण करने के बाद उनकी पीटकर हत्या कर दी थी। जिसके बाद राजधानी की अदालत ने उन्हें 6 मई 2011 को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। वहीं हाईकोर्ट ने 23 फरवरी 2015 के अपने आदेश में निचली अदालत के फैसले को यथावत रखा था। शेखर तिवारी की ओर से 23 फरवरी 2024 तक करीब 15 वर्ष की सजा काटी जा चुकी थी। उच्चतम न्यायालय के आदेश पर बंदियों को रिहा करने की प्रक्रिया के तहत शेखर तिवारी के बारे में औरैया के जिला प्रोबेशन अधिकारी, एसपी और जिला मजिस्ट्रेट से शासन ने आख्या मांगी गई थी, जिसमें उनकी रिहाई की संस्तुति नहीं की गई है। प्रोबेशन बोर्ड ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि अवैध वसूली एवं बिल का भुगतान नहीं करने की रंजिश को लेकर शेखर तिवारी ने अपने साथियों के साथ इंजीनियर की पीटकर हत्या करने का जघन्य अपराध किया था। अपराध की गंभीरता को देखते हुए उनकी रिहाई की संस्तुति नहीं की जा सकती है।

## ब्यूटी पार्लर से आ रहीं दुल्हनों को दबंगों ने पीटा, बरातियों को किया लहूलुहान

**मथुरा, 22 फरवरी (एजेंसी)।** मथुरा के रिफाइनरी थाना क्षेत्र के एक गांव में दबंगों ने अनुसूचित जाति की दो दुल्हनों व उनकी बुआ की पिटाई कर दी। जानकारी जब परिजन व बरातियों को हुई तो वह मौके पर पहुंच गए। दबंगों ने उन्हें भी पीटा। इससे नाराज बरात बिना दुल्हन के लिए लौट गई। गांव में पुलिसकर्मी तैनात कर दिए हैं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर 15 नामजद लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आधा दर्जन के करीब लोगों को हिरासत में लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सोनू कुमार ने बताया कि गांव करनावल निवासी एक व्यक्ति की दो बेटियों की शुक्रवार को शादी थी। गोवर्धन के पूंछरी से बरात गांव में आई थी। दोनों दुल्हनें रात 9।30 बजे के करीब अपने फूफा व बुआ के साथ ब्यूटी पार्लर से गांव लौट रही थीं। रास्ते में गांव गौशाला के समीप करनावल के रहने वाले यादव लोकेश, रोहताश और सतीश की बाइक से कार टच हो गई। बाइक सवार युवक और कार चालक दुल्हन के फूफा में विवाद हो गया। युवकों ने कार में सवार दुल्हन उनकी बुआ को गाड़ी से नीचे उतार लिया और पिटाई कर दी। आरोप है कि दुल्हन और उसकी बुआ पर कीचड़ भी फेंका। दुल्हनों से शादी की अंगूठी और फूफा के गले से सोने की चेन छीन ली। जानकारी पर दुल्हन के परिजन व बराती मौके पर पहुंच गए। उधर, युवकों के परिजन व अन्य ग्रामीण भी मौके पर आ गए। मारपीट में दुल्हन के पिता के सिर में चोट आई। अन्य कई लोग भी घायल हो गए। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। थाना प्रभारी ने दुल्हन के पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आधा दर्जन लोगों को हिरासत में ले लिया है।

## रिक्शे से टकराकर बाइक से गिरीं तीन छात्रा को ट्रक ने कुचला, मौत

**हाथरस, 22 फरवरी (एजेंसी)।** बाइक पर जा रहीं तीन छात्राएं रिक्शे से टकराने के बाद सड़क पर गिर गईं। पीछे से आ रहे ट्रक ने तीनों छात्राओं को कुचल दिया। मौके पर ही तीनों की मौत हो गई। बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे आगरा रेफर कर दिया। आगरा-अलीगढ़ नेशनल हाइवे पर सादाबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव बढ़ार पर मुन्नी देवी कोल्ड स्टोर के पास रिक्शे से टकराकर असंतुलित होकर बाइक सहित जमीन पर गिरीं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय इगलास की तीन छात्राओं को कुचल दिया। जिनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बाइक चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार टेढीबगिया आगरा निवासी शहजाद पुत्र शमसुद्दीन अपनी कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय इगलास में अध्ययनरत बहिन 14 वर्षीय नरगिस और 15 वर्षीय शहनाज के अलावा 12 वर्षीय पीहू पुत्री नीरज शर्मा निवासी गुलाब नगर टेढी बगिया को बाइक से लेकर टेढी बगिया आगरा जा रहा था। रिक्शे से टकरा कर तीनों छात्राएं सड़क पर गिर गईं। पीछे से आ रहे अज्ञात ट्रक ने तीनों को कुचल दिया। वहीं शहजाद गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी सादाबाद पर लाया गया, जहां से आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

## परीक्षा केंद्र देखने जा रहे बाइक सवार तीन छात्रों को ट्रक ने रौंदा, मौके पर हुई मौत

**बलरामपुर, 22 फरवरी (एजेंसी)।** यूपी के बलरामपुर में शनिवार की दोपहर भीषण हादसे में तीन परीक्षार्थियों की मौत हो गई। तीनों एक ही बाइक पर परीक्षा केंद्र देखने हरिहरगंज जा रहे थे। रास्ते में एक वाहन को ओवरटेक करते समय बहराइच की तरफ से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। हादसा कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के सेखुइया के पास हुआ। सुंदरदास रामलाल इंटर कॉलेज में 10वीं के विद्यार्थी विकास कुमार (18), सरस्वती विद्या मंदिर में 10वीं के छात्र अजय यादव (18) निवासी बेला कोड़री तथा सरस्वती विद्या मंदिर में 10वीं की पढ़ाई करने वाले मोतीपुर दादव गांव निवासी शिवम कुमार (18) की हादसे में मौत हुई है। बहराइच रोड पर पार्वती इंटर कॉलेज हरिहरगंज में तीनों विद्यार्थियों की बोर्ड परीक्षा सोमवार से थी। तीनों दसवीं के विद्यार्थी थे। एक साथ ही शहर में कमरा किराये पर लेकर पढ़ाई कर रहे थे।

## यूपी में राजकीय इंटर कॉलेज की खाली जमीनों पर बनेंगे मिनी स्टेडियम

**लखनऊ, 22 फरवरी (एजेंसी)।** प्रदेश में जिला मुख्यालय स्तर पर राजकीय इंटर कॉलेजों में खाली पड़ी जमीन पर इंडोर मिनी स्टेडियम बनाए जाएंगे। इसके लिए माध्यमिक शिक्षा विभाग ने सभी मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक से एस्टीमेट तैयार करके उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। इसके लिए प्रोजेक्ट अलंकार के तहत बजट दिया जाएगा। प्रदेश के राजकीय इंटर कॉलेजों में खेल सुविधाओं के विकास करने व प्रदेश को दस खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के उद्देश्य से इस कवायद को गति दी जा रही है। माध्यमिक शिक्षा विभाग ने कहा है कि जिला मुख्यालय स्तर पर ऐसे राजकीय इंटर कॉलेज , जहां 2500 वर्ग मीटर से अधिक जमीन खाली है। यहां पर खेल सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए एक मिनी स्टेडियम बनाने व चलाने का प्रस्ताव है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ। महेंद्र देव ने सभी मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक को खेल विभाग से अनुमोदित इंडोर मिनी स्टेडियम का मॉडल भी भेजा है। उन्होंने इसके अनुसार जिला मुख्यालय के ऐसे इंटर कॉलेजों को चिह्नित करते हुए मंडलवार एस्टीमेट तैयार कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि यह एस्टीमेट पांच करोड़ से अधिक नहीं होना चाहिए। प्रोजेक्ट अलंकार के तहत इन स्टेडियम का निर्माण कराया जाएगा। इसके माध्यम से राजकीय इंटर कॉलेजों की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ करने का काम किया जा सकेगा।

## आउटसोर्सिंग मैन पावर में आरक्षण की व्यवस्था : मंत्री सुरेश खन्ना

**लखनऊ, 22 फरवरी (एजेंसी)।** राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को विधानसभा में आउटसोर्सिंग के जरिये विभिन्न मेडिकल कॉलेजों, ऊर्जा निगमों एवं अन्य विभागों में कार्यरत कर्मचारियों के मुद्दे पर जबर्दस्त बहस हुई। संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने स्पष्ट किया कि आउटसोर्सिंग मैन पावर में आरक्षण का प्रावधान किया गया है। इसका हर हाल में पालन कराया जाएगा। सपा विधायक संग्राम सिंह यादव ने सरकारी विभागों में संविदा व आउटसोर्स के रूप में काम करने वाले कर्मचारियों से संबंधित सवाल उठाया। मांग की कि समान कार्य के लिए समान वेतन की व्यवस्था क्यों नहीं हो सकती है? इस पर श्रम एवं सेवायोजन मंत्री ने बताया कि आउटसोर्सिंग के लिए कॉर्पोरेशन बनाया जा रहा है। इसमें सभी एजेंसियों को पंजीकृत किया जाएगा। इस पर विधायक ने आरक्षण का मुद्दा उठाया। श्रम मंत्री ने पूर्ववर्ती सरकारों में अति पिछड़ों का हक मारने का आरोप लगाया। इस पर विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। विधानसभा अध्यक्ष ने मंत्री को भी टोका और शांत कराया। होमगार्ड मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि सरकार ने होमगार्डों का मानदेय बढ़ाकर 918 रुपये प्रतिदिन किया गया है। पहले माह में 20 दिन ड्यूटी मिलती थी, अब 30 दिन काम मिल रहा है।

## खाद से भरी ट्राली हटाने को लेकर दो पक्षों में झगड़ा

### तहरीर के आधार पर आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जानसठ, 22 फरवरी (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव तिसंग में खाद से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को हटाने को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया, जिसमें चार लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी जानसठ पहुंचाया, जहां से दो घायलों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के गांव तिसंग निवासी युसूफ पुत्र बुन्दु ने थाने में तहरीर दी। उसने तहरीर देकर बताया कि बृहस्पतिवार को वह अपने पुत्र हारून और रईस व गांव निवासी आशु पुत्र गफ्फार को साथ लेकर ट्रैक्टर ट्राली में देसी खाद भर रहा था। उसने ट्रैक्टर-ट्रॉली रास्ते में एक साइड में खड़ी की हुई थी, तभी गांव निवासी सुक्कू व नाजिम पुत्रगण मुस्तकीम, मुस्तकीम व इनाम पुत्रगण हसनु शादाम पुत्र इस्लाम, आशु पुत्र अख्तर, हसनु व उस्मान पुत्रगण सादीन हाथों में लाठी-डंडे धारदार हथियार वह देसी तमंचा लेकर पहुंचे। इन सभी ने देसी खाद से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को हटवाने का बहाना करके युसूफ उसके पुत्र हारून व रईस और आशु पर हमला कर दिया। उसने तहरीर में बताया कि इन लोगों ने हमारे हाथों से फावड़ा छीनकर भी हम पर हमला किया है। दोनों पक्षों के विवाद में चारों लोग घायल हो गए। झगड़े की सूचना किसी ने पुलिस को दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हारून, रईस पुत्रगण युसूफ व युसूफ पुत्र बुन्दु और आंसू पुत्र गफ्फार को इलाज के लिए सीएचसी जानसठ पहुंचाया, जहां से रईस सुबह हारून की गंभीर हालत को देखते हुए दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाली प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि झगड़े की तहरीर आई है। तहरीर के आधार पर आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जांच कर आगे की कार्यवाई की जाएगी।

# अमित के हत्यारे को पुलिस ने गोली मारकर पकड़ा

### हत्या में प्रयुक्त छूरा और तमंचा हुआ बरामद

**बुढ़ाना, 22 फरवरी (बु.)।** कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहडब्बर के अमित वाल्मिकी के हत्यारे छविंद्र उर्फ मच्छर को बुढ़ाना पुलिस ने कुल दो दिन में ही एक मुठभेड़ को दौरान गोली मारकर गिरफ्तार कर लिया।

मिली जानकारी के अनुसार बीती 19 फरवरी को गांव शाहडब्बर के निवासी अमित वाल्मिकी पुत्र ब्रह्म का खून से सना शव उसके घर से कुछ ही दूरी पर एक बिटौड़े के पास पड़ा हुआ मिला था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजने के बाद अमित के हत्यारे की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तो उसमें दिखा कि गांव का छविंद्र वाल्मिकी उसको उसके घर से लेकर जा रहा है और फिर कुछ ही देर बाद अकेला आता हुआ दिखाई दे रहा है। घटना के बाद से ही छविंद्र अपने घर से गायब था, तो पुलिस



को भी पूरा यकीन हो गया था कि अगर छविंद्र पकड़ा जाए तो केस खुल सकता है। तब बुढ़ाना पुलिस को बीते शुक्रवार की देर रात किसी खास मुखबिर से एक सटीक सूचना मिली कि छविंद्र पुलिस की डर की वजह से भसाना के जंगलों में छिपा बैठा है। तब पुलिस ने बताए हुए स्थान को घेरकर फिल्मी स्टाइल मे छविंद्र को सरेंडर करने को कहा तो उसने पुलिस टीम पर गोली चला दी, तब पुलिस ने अपना बचाव करते हुए छविंद्र के पैर में गोली मारकर छविंद्र को दबोच लिया। पुलिस टीम का नेतृत्व सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह ने किया। टीम में कोतवाल आनंद देव मिश्र, एसएसआई ललित शर्मा व कस्बा इंचार्ज ललित कसाना आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# कांवड़ यात्रा व त्यौहारों को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट

**मुजफ्फरनगर, 22 फरवरी (बु.)।** जिला पंचायत सभागार में शनिवार को डीएम उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में महाशिवरात्रि, रमजान माह, होलिका दहन, चैत्र नवरात्रि एवं ईद उल फितर आदि पर्वों को मनाए जाने के संबंध में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने को पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सभी वर्गों के धार्मिक गुरूओं, प्रबुद्धजनों के साथ संभ्रांत नागरिकों से सीधा संवाद कर शासन-प्रशासन के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए आगामी त्यौहारों पर जनपद में आपसी सौहार्द, भाईचारा, शांति एवं कानून



### ▶ धर्मगुरूओं व अफसरों संग डीएम-एसएसपी ने किया मंथन

व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग का आह्वान किया।

डीएम उमेश मिश्रा ने कहा कि धार्मिक-संवेदनशील मामलों में माहौल खराब करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही के लिए पुलिस व प्रशासन का सहयोग करें। आने वाले पर्वों को शांतिपूर्वक एवं भाईचारे के साथ मनाने के आह्वान के साथ उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर कोई ऐसी टिप्पणी न करें जिससे माहौल खराब हो सके यदि कोई व्यक्ति पोस्ट करता है तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कहीं कोई अप्रिय घटना की संभावना हो तो उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लायें। यह जनपद गंगा जमुनी तहजीब और आपसी सौहार्द की मिसाल रहा है, इसी भाईचारे को बनाये रखें। कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये उन्होंने तैयारियां पूर्ण करने के निर्देशों के बीच स्पष्ट कहा कि कांवड़ यात्रा श्रद्धालुओं के जाने वाले मार्गों का संबंधित अधिकारी निरीक्षण कर लें, ताकि किसी प्रकार की समस्या न होने पाये। उन्होंने कहा कि रास्ते में कांवड़ियों को कोई दिक्कत न होने पाये। वहीं साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने साफ-सफाई, कांवड़ यात्रा रोड़ पर पड़ने वाली सभी झाड़ियों की कटाई, विद्युत, चिकित्सा, चेजिंग रूम, सीसीटीवी कैमरे, संकेतक चिन्ह, रूट डायवर्ट एवं कंट्रोल रूम की स्थापना, अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी, मोबाइल टॉयलेट, महिला शौचालय इत्यादि की समय रहते व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी आने वाले सभी त्योहारों में जो दायित्व दिए गए हैं, उसको अच्छे से निर्वहन करते हुए सभी पर्वों को सब कुशल संपन्न कराएं, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। डीएम ने जिले के संभ्रांत नागरिक, जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए सुझाव जैसे विद्युत, कांवड़ यात्रा मार्ग में सड़क पर गढ्ढे एवं जाम की स्थिति में सुधार कराए जाने के लिए अधिकारियों को तैयार रहने के निर्देश दिए। उन्होंने होली पर्व की तैयारियों पर स्पष्ट किया कि जनपद में जिन स्थलों पर होलिका दहन किया जाता है वहां संबंधित अधिकारी सुनिश्चित कर लें कि बिजली के तार या ट्रांसफार्मर के पास होली न रखी जाए। बैठक में एडीएम ई. नरेंद्र बहादुर सिंह, एडीएम वित्त गजेंद्र कुमार, एसपी देहात आदित्य बंसल, एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत, नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप, एसडीएम सदर निकिता शर्मा, ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह, डीपीआरओ समेत पुलिस व प्रशासनिक एवं सभी वर्गों के धर्मगुरू एवं संभ्रात नागरिक मौजूद रहे।

## महाकुंभ से लौट रहे नेपाल के 3 श्रद्धालुओं की मौत

**गोरखपुर, 22 फरवरी (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में हादसे का शिकार हुए तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई, सात अन्य घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वहीं शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। नेपाल निवासी सभी श्रद्धालु महाकुंभ से स्नान कर वापस लौट रहे थे। बांसगांव थाना क्षेत्र के पास स्थित पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार की देर रात भीषण हादसा हो गया। स्कार्पियो सवार श्रद्धालु प्रयागराज से स्नान कर वापस लौट रहे थे। दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक एक्सप्रेसवे पर खड़ी ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से स्कॉर्पियो गाड़ी जा घुसी। हादसे में दो महिलाओं सहित एक पुरुष की मौत हो गई है। तो वहीं सात अन्य श्रद्धालु घायल हैं। सभी श्रद्धालु बुधवार को पड़ोसी राष्ट्र नेपाल से स्कॉर्पियो में सवार होकर निकले थे और प्रयागराज में कुंभ स्नान कर शुक्रवार को वापस लौट रहे थे। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान नेपाल राष्ट्र के कंचनपुर निवासी 42 वर्षीय हरिहर देवी,44 वर्षीय वकीलन देवी और 45 वर्षीय परशुराम के रूप में हुई है। घायलों को गोरखपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## पति से लड़-झगड़कर खाया जहर, हालत गंभीर

**बुढ़ाना, 22 फरवरी (बु.)।** एक महिला ने फोन पर अपने पति से किसी मामूली सी बात पर लड़ाई कर डाली और फोन काटने के बाद कमरा बंद करके घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर महिला को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर उसको गंभीर हालत में मेरठ के लिए रैफर कर दिया गया।



मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला खाकरोबान निवासी 25 वर्षीया गुलिस्तां पत्नी नसीम उस्मानी शनिवार के दिन मोबाइल फोन पर बाहर काम पर गये हुए अपने पति नसीम से बातचीत कर रही थी कि ना जाने कुछ ही देर बाद दोनों में किसी मामूली सी बात पर झगड़ा हो गया और गुलिस्तां ने फोन काटकर घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। कुछ देर बाद हालत बिगड़ने पर ससुरालियों में अफरा-तफरी मच गयी और उन्होंने महिला को आनन-फानन में बुढ़ाना कस्बे के एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां पर उसकी हालत गंभीर होने पर उसको चिकित्सकों ने मेरठ अस्पताल के लिए रैफर कर दिया। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को भी दे दी गयी थी। परिजनों ने पति और गुलिस्तां के परिजनों को भी घटना की सूचना फोन पर दे दी थी। कीटनाशक दवाई का सेवन किस बात पर किया ये पता नहीं लग पाया था।

## मेरठ की जहांगीर मस्जिद पर आधी रात को चला बुलडोजर

**मेरठ, 22 फरवरी (एजेंसी)।** दिल्ली रोड पर ईरा माल के सामने 85 साल पुरानी जहांगीर खां मस्जिद को शुक्रवार रात सहमति पर पुलिस-प्रशासन की मौजूदगी में एनसीआरटीसी ने हटा दिया। अब वहां सड़क बनाने की तैयारी की जा रही है। इससे पहले सुबह मुस्लिम समुदाय के लोगों ने इस मस्जिद को खाली कर चौखट और दरवाजे उखाड़ लिए थे। उसके बाद एडीएम सिटी से मिलकर मस्जिद को खुद हटाने से इनकार कर दिया था। कहा था कि प्रशासनिक अफसर मस्जिद खुद हटाएं। मस्जिद के लिए दूसरे स्थान को लेकर शनिवार को प्रतिनिधिमंडल एडीएम सिटी से मिलेगा। जगदीश मंडप के सामने रैपिड रेल के संचालन को लेकर भूमिगत कार्य चल रहा है। यहां सड़क निर्माण चल रहा है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) अधिकारी लगातार सड़क के बीच में आ रही मस्जिद के कारण कार्य प्रभावित होने की बात कह रहे थे। रैपिड कार्य पूरा होने में इसे बड़ी बाधा बताया जा रहा था। प्रशासनिक अधिकारी सहमति बनाने के प्रयास में जुटे थे। गुरुवार रात एडीएम सिटी बृजेश सिंह व एनसीआरटीसी अधिकारियों ने मस्जिद के कारी (कुरान को नियम के हिसाब से पढ़ने वाला) जमीम अहमद से बातचीत कर उन्हें मस्जिद हटाने के लिए कहा था। जमील अहमद ने बताया कि एडीएम सिटी के आदेश पर मस्जिद को पूरी तरह से खाली कर चौखट और दरवाजे निकलवा दिए। एडीएम ने लेबर लगाकर मस्जिद को हटाने का प्रस्ताव रखा जिसे कारी ने अस्वीकार कर दिया। शुक्रवार को जमील, शालीन, बाबर अली के साथ एक प्रतिनिधिमंडल एडीएम सिटी से



मिला। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि समाज के लोग मस्जिद नहीं हटाएंगे। मस्जिद से जुड़े पदाधिकारियों के आग्रह पर पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों की मौजूदगी में शुक्रवार आधी रात के बाद एनसीआरटीसी के कर्मचारियों की मदद से मस्जिद को हटा दिया गया। मलबा हटाते हुए सड़क निर्माण की तैयारी शुरू कर दी गई। दिन में कारी ने बताया था कि यह 85 साल पुरानी मस्जिद है और वह 46 साल से कारी का पद संभाल रहे हैं।

## दिल्ली के सूर्य मंदिर में लगी भीषण आग, पुजारी की जिंदा जलकर मौत

**नई दिल्ली, 22 फरवरी (एजेंसी)।** दिल्ली के रोहिणी इलाके में स्थित सूर्य मंदिर में आग लगा गई, जिसकी चपेट में आने से पुजारी की जलकर मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मंदिर में आग कैसे लगी? पुलिस इसके कारणों की जांच कर रही है। दिल्ली के रोहिणी इलाके के एक मंदिर में आग लगने से पुजारी की मौत हो गई। प्रेम नगर थाना इलाके में स्थित सूर्य मंदिर में देर रात करीब 2 बजे भीषण आग लग गई। आसपास के लोगों ने मंदिर में लगी आग की जानकारी फायर ब्रिगेड की दी। आग लगने से मंदिर परिसर में स्थित कमरे में पुजारी फंस गया। लोगों ने उन्हें कड़ी मशक्कत के बाद कमरे से बाहर निकाला और उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक, प्रेम नगर थाना इलाके में स्थित सूर्य मंदिर में आग लगने की पीसीआर कॉल आई थी। सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर दमकल की गाड़ी भेजी गई। साथ ही पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची। फायरकर्मियों ने आग पर काबू पाया। मंदिर के कमरे में पुजारी बेहोश पाए गए। उन्हें अस्पताल भेजा गया, लेकिन इलाज से पहले ही उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस मंदिर में आग लगने की घटना की जांच कर रही है। सूर्य मंदिर की देखभाल और पूजा-पाठ का काम 65 वर्षीय बनवारी लाल शर्मा करते थे। वह मंदिर परिसर में ही स्थित एक कमरे में रहते थे। जानकारी के मुताबिक, शुकवार देर रात मंदिर से आग की लपटें और धुआं निकलते देख स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। मंदिर में आग लगने की खबर से सभी सोए हए लोग जाग गए। आनन-फानन में आग बुझाने की कोशिश की गई, लेकिन उसपर काबू नहीं पाया जा सका। किसी ने मंदिर में आग लगने की जानकारी पीसीआर कॉल को दी।

**शेष - पंचायत में सुलह ...**

खिलाफ तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि जांच जारी है और जल्द ही आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद घायल इस्लाम ने कहा कि "हम पंचायत में मामले को शांतिपूर्ण ढंग से हल करना चाहते थे, लेकिन अचानक हमला कर दिया गया।" वहीं, सरताज मलिक ने कहा कि "हमने सिर्फ परवेज की पत्नी के पक्ष में बोलने की कोशिश की थी, लेकिन हमें इसका खामियाजा भुगतना पड़ा।"

## युवती से छेड़छाड़, आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जानसठ, 22 फरवरी (बु.)।** थानाक्षेत्र के गांव निवासी एक युवक ने युवती के साथ छेड़छाड़ कर दी। छेड़छाड़ की सूचना उसने स्वजन को दी। स्वजन ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाई की मांग की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। क्षेत्र के गांव की रहने वाली युवती घर पर अकेली थी। पड़ोस का रहने वाला एक युवक घर में घुस गया। युवक ने उसके साथ छेड़छाड़ कर दी, जब युवती ने उसका विरोध किया, तो उसने अपने घर से महिला सहित तीन को बुलाकर युवती के साथ मारपीट कर दी। युवती ने अपने साथ हुई छेड़छाड़ और मारपीट की जानकारी स्वजनों को दी। स्वजनों ने बेटी के साथ हुई छेड़छाड़ व मारपीट की तहरीर थाने में दी। पुलिस ने लड़की के पिता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। कोतवाली प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि युवती के पिता ने अपनी लड़की के साथ सुहेब, दानिश पुत्रगण मेहरबान, मेहरबान और मेहरबान की पत्नी के द्वारा अपनी पुत्री के साथ छेड़छाड़ और मारपीट करने का आरोप लगाकर तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। दबिश दी जा रही है जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर आगे की कार्यवाई की जाएगी।

## आरबीआई के पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास पीएम मोदी के प्रधान सचिव-2 नियुक्त

**नई दिल्ली, 22 फरवरी (एजेंसी)।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास को बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। उनके सेवानिवृत्ति के करीब दो महीने बाद उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रधान सचिव-2 नियुक्त किया गया है। ये नियुक्ति अगले आदेश तक रहेगी। इस संबंध में एक आदेश भी जारी किया गया है। आदेश के अनुसार यह नियुक्ति प्रधानमंत्री के कार्यकाल तक या अगले आदेश तक जारी रहेगी। आदेश में कहा गया है कि नियुक्ति प्रधानमंत्री के साथ उनके कार्यकाल जितनी रहेगी। वहीं, ये नियुक्ति उस समय तक प्रभावी रहेगी



जब तक कोई नया आदेश ना आ जाए। शक्तिकांत दास का जन्म 1957 में ओडिशा में हुआ था और उनकी शिक्षा-दीक्षा बहुत अच्छी रही है। उन्होंने इतिहास में स्नातक और परास्नातक की डिग्री प्राप्त की है। शक्तिकांत दास 2015 से 2017 तक आर्थिक मामलों के सचिव रहे। साल 2018 में वह रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के 25 वें गवर्नर बने और दो महीने पहले ही इस पद से रिटायर हुए थे। उन्होंने ने जी-20 में भारत के शेरपा के रूप में कार्य किया। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष , जी-20 और इफक्र्र जैसे अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व किया है।

## आगे कार में दुल्हन, पीछे बुलडोजर का काफिला; बेटी की ऐसी विदाई देखी है क्या?

**लखनऊ, 22 फरवरी (एजेंसी)।** यूपी के झांसी की एक अनोखी विदाई की चर्चा इन दिनों काफी हो रही है। हेलीकॉप्टर और लग्जरी कारों से विदाई के मामले अपने खूब सुने होंगे, लेकिन यहां विदाई समारोह में 12 बुलडोजर नजर आए हैं। अभी तक आपने हेलीकॉप्टर और लग्जरी कारों से दुल्हन की विदाई का काफिला निकलता हुआ देखा होगा, लेकिन क्या आपने विदाई के काफिले में कभी बुलडोजर देखे हैं? उत्तर प्रदेश के झांसी से एक ऐसा ही मामला सामने आया है, जहां विदाई समारोह एक दो नहीं बल्कि 12 बुलडोजर शामिल हुए। इन बुलडोजर को देखने के लिए लोगों का तांता लग गया। इस अनोखी विदाई के वीडियो इन दिनों तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिसे देखकर हर कोई हैरान हैं। झांसी के रक्सा थाना क्षेत्र में हुई अनोखी विदाई के काफिले के वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं। रक्सा थाना क्षेत्र के आजाद नगर में शादी समारोह था। मुन्नीलाल यादव के छोटे बेटे राहुल यादव की शादी करिश्मा से 20 फरवरी को हुई। शादी के बाद जब विदाई का समय आया, तो दुल्हन के दरवाजे पर दर्जनभर बुलडोजर पहुंच गए। बुलडोजर को देखकर सभी हैरान रह गए। उन्हें किसी प्रकार की कार्रवाई का अंदेशा हुआ, लेकिन बाद में उन्हें पता चला कि यह दुल्हन की विदाई के लिए आए हैं, जिसने सभी लोगों को ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। इस अनोखी विदाई की गांव से लेकर पूरे शहर में खूब चर्चा हो रही है। वहीं, कुछ लोग दूल्हे के पिता के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जबरा फैन बता रहे हैं। इससे पहले लोगों ने हेलीकॉप्टर और लग्जरी कारों से विदाई की बातें सुनी और देखी थी, लेकिन बुलडोजर से विदाई देखकर हर कोई हैरान था।



## महिला सम्मान योजना को लेकर एक्शन में दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली, 22 फरवरी (एजेंसी)।** दिल्ली की सत्ता संभालने के बाद सीएम रेखा गुप्ता एक्शन मोड में है और आज बजट पर एक बजे अधिकारियों के साथ बैठक करेंगी। इस बजट बैठक में मार्च के पहले सप्ताह में 'महिला सम्मान योजना' के वितरण पर चर्चा हो होगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। मुख्यमंत्री बनने के बाद रेखा गुप्ता की ये शिष्टाचार मुलाकात है। इस मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री के साथ यमुना की सफाई और विकसित दिल्ली पर चर्चा हो सकती है। पीएम मोदी से मिलने के बाद दिल्ली की मुख्यमंत्री एक बजे अधिकारियों के साथ बैठक है। इस बैठक में ह्यमहिला सम्मान योजना' के तहत दिए जाने वाले 2,500 रुपये और दिल्ली विधानसभा में पेश होने वाले आगामी बजट को लेकर चर्चा की जाएगी। दिल्ली की सत्ता संभालने के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को जल बोर्ड और पीडब्ल्यूडी बोर्ड की बैठक की थी। बैठक के बाद उन्होंने दावा किया कि प्लान तैयार किया जा रहा है और सभी वादों को पूरा करने के लिए काम हो रहा है। लोक निर्माण मंत्री मंत्री प्रवेश वर्मा ने आज रिंग रोड से आश्रम और आश्रम से भैरो रोड की मरम्मत के लिए 16 करोड़ की मंजूरी दी है। इन सड़कों का काम 15 जुलाई के भीतर पूरा करना है। यही नहीं नालों की सफाई के काम का भी उन्होंने निरीक्षण किया। वहीं ऊर्जा मंत्री आशीष सूद आज तीन बजे बिजली कंपनियों के साथ बैठक करके गर्मी पर एक्शन प्लान की जानकारी लेंगे। जबकि कानून मंत्री कपिल मिश्रा आज अपनी विधानसभा करावल नगर का दौरा करके विकास कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं। दिल्ली सरकार ने गुरुवार को आयुष्मान योजना को मंजूरी दी थी। इस योजना को मंजूरी मिलने पर दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्री पंकज सिंह ने कहा था कि हम आयुष्मान योजना को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वह फाइल जो केंद्र सरकार को भेजी गई थी, अब वापस आ गई है। अगले सप्ताह तक आयुष्मान योजना को लागू करने का प्रयास किया जाएगा। दिल्ली सरकार में स्वास्थ्य मंत्री पंकज सिंह ने मोहल्ला क्लीनिक के बारे में जानकारी दी थी। उन्होंने कहा, "हमारी सरकार आयुष्मान योजना को लागू करने के लिए वचनबद्ध है। साथ ही सभी मोहल्ला क्लीनिक का नाम भी बदला जाएगा, क्योंकि यह सरकार की योजना है। मुझे उम्मीद है कि दिल्ली आने वाले 100 दिनों में बदलती हुई दिखाई देगी। साथ ही दिल्लीवासियों को शुद्ध पानी भी मुहैया कराया जाएगा।"



## 2.1 करोड़ डॉलर मेरे दोस्त पीएम मोदी को: ट्रम्प ने फिर दोहराया

**नयी दिल्ली/ वाशिंगटन 22 फरवरी (वार्ता)** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने लगातार तीसरे दिन 'वोटर टर्नआउट' के लिए कथित रूप से भारत को मिले 2.1 करोड़ डॉलर का मुद्दा उठाया है। श्री ट्रंप का यह ताजा बयान उस रिपोर्ट के बाद आया है जिसमें दावा किया गया है कि 2022 में 2.1 करोड़ डॉलर का अनुदान भारत के लिए नहीं बल्कि बंगलादेश के लिए मंजूर किया गया था।

राष्ट्रपति ट्रंप ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मेरे मित्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत को 'वोटर टर्नआउट' के लिए 2.1 करोड़ डॉलर दिए जा रहे हैं.... हम भारत में मतदान के लिए 2.1 करोड़ डॉलर दे रहे हैं। हमारा क्या? मैं भी तो मतदान बढ़ाना चाहता हूं। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रपति ट्रंप ने बंगलादेश को मिले 2.9 करोड़ डॉलर अमेरिकी मदद का भी जिक्र किया। श्री ट्रंप ने कहा कि बंगलादेश को 2.9 करोड़ डॉलर राजनीतिक परिदृश्य में स्थिरता लाने के लिए दिए गए। उन्होंने कहा, बंगलादेश में 2.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर एक ऐसी फर्म को दे दिए गए, जिसके बारे में किसी ने कभी



सुना ही नहीं था। उस फर्म में केवल दो लोग काम कर रहे थे। गौरतलब है कि अमेरिकी सरकार की एजेंसी यूएसएड की ओर से कथित रूप से भारत को दिए गए मदद का मुद्दा देश में राजनीतिक टकराव की वजह बन गया है। भारत में इस मुद्दे पर कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच तीखी नोकझोंक चल रही है।

## देश में सबसे अधिक गिद्धों वाला राज्य बना मध्य प्रदेश

**नई दिल्ली, 22 फरवरी (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के नाम कई खिताब दर्ज है। टाइगर स्टेट, डायमंड स्टेट ऐसे कई नामों से देश के दिल में बसे प्रदेश को जाना जाता है। लेकिन अब एक और उपलब्धि प्रदेश के नाम हो गई है। जहां, एक ओर हर जगह से गिद्धों की संख्या में कमी आ रही है, वहीं, मध्य प्रदेश से थोड़ा राहत वाली खबर आई है। प्रदेश में गिद्धों की संख्या अब 12 हजार के पार पहुंच चुकी है। ये दावा मध्य प्रदेश वन विभाग ने जारी एक आंकड़े में किया है। लेकिन जबलपुर में गिद्धों की संख्या में कमी देखी गई है। बता दें, वन विभाग द्वारा वर्ष 2025 में प्रदेश स्तर पर गिद्धों की गणना में गिद्धों की संख्या 12 हजार 981 हो गई है। मध्यप्रदेश देश में सबसे अधिक गिद्धों वाला राज्य बन गया है। प्रथम चरण में 17, 18 एवं 19 फरवरी 2025 को वन विभाग के 16 वृत्त, 64 डिवीजन और 9 संरक्षित क्षेत्रों में गिद्ध गणना की गयी। गिद्ध गणना का कार्य वन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों, डब्ल्यूआईआई, भोपाल के प्रतिभागियों, स्वयं सेवकों और फोटोग्राफरों द्वारा किया गया। गिद्धों की गणना में घोंसलों के आसपास बैठे गिद्धों और उनके नवजातों की गणना के दौरान इस बात का ध्यान रखा गया कि केवल आवास स्थलों पर बैठे हुए गिद्धों को ही गिना गया। डाटा संकलन का कार्य वन विहार राष्ट्रीय उद्यान भोपाल में किया गया। प्रदेश में गिद्धों की गणना की शुरूआत वर्ष 2016 से की गई थी। प्रदेश में गिद्धों की कुल 7 प्रजातियां पाई जाती हैं। इसमें से 4 प्रजातियां स्थानीय एवं 3 प्रजातियां प्रवासी हैं। गिद्धों की गणना करने के लिये शीत ऋतु का अंतिम समय सही रहता है। इस दौरान स्थानीय एवं प्रवासी गिद्धों की गणना आसानी से हो जाती है। वर्ष 2019 की गणना में गिद्धों की संख्या 8 हजार 397, वर्ष 2021 में 9 हजार 446 और वर्ष 2024 में बढ़कर 10 हजार 845 हो गयी थी। जबलपुर वन विभाग द्वारा सुबह 7 बजे से 10 बजे तक चलने वाली इस गणना के अनुसार, पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष गिद्धों की संख्या में गिरावट देखी गई है - जहां 2023 में 89 गिद्ध पाए गए थे, वहीं इस वर्ष केवल 70 गिद्ध ही निगरानी में आए। गिद्धों की गणना के लिए जबलपुर में विशेष तैयारी की गई थी। सभी सर्कल और डिवीजन स्तर पर मास्टर ट्रेनर और प्रशिक्षकों को ट्रेन्ड किया गया था, जिसमें 900 से अधिक वन अधिकारी, कर्मचारी, गिद्ध विशेषज्ञ, और पक्षी प्रेमियों ने भाग लिया।




S.D. PUBLIC SCHOOL
MUZAFFARNAGAR
Affiliated to C.B.S.E., India - Affiliation No. 2130006
Email: sdpsmzn1968@gmail.com Phone: 9219440762
REGISTRATION OPEN
For Class VI Only
Prospectus are available at Senior office counter from Monday Febuary 24, 2025 to Thursday March 6, 2025 between 8:00 a.m. to 9:30 am. & 2:00 p.m. to 3:00 p.m.on all working days.
Registration Forms must be submitted back from Tuesday February 25 to Saturday March 8, 2025 between 2:00 p.m. to 3:00 p.m. positively.
ADMISSION STRICTLY ON MERIT
Attested/self attested copy of Birth-Certificate, Report/Result Card of previous two classes, certificate of category if belongs to any special one and Aadhar Card must be submitted with registration form.
Mrs. Chanchal Saxena
Director